दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




हरियाली तीज का उत्सव........



हांथों में रचनाएं.......


वर्ष : 11 | अंक : 216 | लखनऊ, 23 जुलाई, बुधवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


# लोकसभा और राज्यसभा में जमकर हंगामा, दोनों सदनों की कार्यावाही स्थगित

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, मंगलवार सुबह राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही फिर से शुरू हुई, लेकिन दोनों सदनों में भारी हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने बिहार मतदाता सूची संशोधन के विरोध में नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद दोनों सदनों की कार्यवाही बुधवार, 23 जुलाई सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी सांसदों ने केंद्र के खिलाफ नारे लगाए और कई मुद्दों पर पर चर्चा की मांग की।

## लोकसभा की कार्यवाही

विपक्षी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर मंगलवार को संसद के भीतर और बाहर विरोध जताया। विपक्षी सांसदों ने पहले संसद परिसर में प्रदर्शन किया और फिर लोकसभा एवं राज्यसभा में भी इस मुद्दे पर जमकर नारेबाजी की जिससे दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष चर्चा की मांग कर रहे हैं और हम इसके लिए तैयार हैं। फिर वे सदन क्यों नहीं चलने दे रहे ? यह दोहरा मापदंड गलत है। अगर आप चर्चा चाहते हैं, तो हंगामा न करें। सरकार ने कहा है कि हम चर्चा के लिए तैयार हैं। आप जनता का पैसा बर्बाद कर रहे हैं। सीमा शुल्क अधिकारियों और राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने बाजार में अवैध तंबाकू की बिक्री की रोकथाम के लिए चालू वित्त वर्ष में जून तक लगभग 3.93 करोड़ सिगरेट जब्त की है। सरकार ने मंगलवार को संसद को यह जानकारी दी। वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया।

## राज्यसभा की कार्यवाही

राज्यसभा में मंगलवार को उपराष्ट्रपति एवं सभापति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे की आसन की ओर से घोषणा की गयी, जिन्होंने सोमवार रात अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेजा था। उच्च सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर बारह बजे जब शुरू हुई तो पीठासीन अध्यक्ष घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि उन्हें एक आवश्यक सूचना सदन को देनी है। तिवाड़ी ने कहा कि गृह मंत्रालय ने संविधान के अनुच्छेद 67 (ए) के तहत उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के तत्काल प्रभाव से इस्तीफे की 22 जुलाई 2025 को एक अधिसूचना जारी की है। उपराष्ट्रपति पद से धनखड़ के स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद मंगलवार को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने सदन की सुबह की कार्यवाही की अध्यक्षता की। आमतौर पर धनखड़ दिन की शुरूआत में राज्यसभा की कार्यवाही की अध्यक्षता करते थे।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा किया गया मंजूर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इस मंजूरी को गृह मंत्रालय को भेज दिया गया है और जल्द ही एक आधिकारिक अधिसूचना जारी होने की उम्मीद है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार शाम को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया, जिससे राजनीतिक गलियारों में अटकलों का दौर शुरू हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद उनकी सराहना की और जनसेवा के प्रति उनकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री मोदी ने धनखड़ के पूरे कार्यकाल में विभिन्न पदों पर उनके योगदान की सराहना की और उनके अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण की कामना की। एक ट्वीट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जगदीप धनखड़ जी को भारत के उपराष्ट्रपति सहित विभिन्न पदों पर देश की सेवा करने के कई अवसर मिले हैं। उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूँ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखे अपने त्यागपत्र में धनखड़ ने कहा कि वह ह्यह्यस्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने के लिए तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं।

राष्ट्रपति को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, स्वास्थ्य सेवा को प्राथमिकता देने और चिकित्सीय सलाह का पालन करने के लिए, मैं संविधान के अनुच्छेद 67(ए) के अनुसार, तत्काल प्रभाव से भारत के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देता हूँ। 74 वर्षीय धनखड़ ने अगस्त 2022 में पदभार ग्रहण किया था और उनका कार्यकाल अगस्त 2027 तक था। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने संसद के मानसून सत्र के पहले दिन इस्तीफा दिया।

## मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफटी | 25,062.10 |

## संक्षिप्त समाचार

### तेज हुई जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने की मांग, कांग्रेस ने जंतर-मंतर पर किया प्रदर्शन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिले। हम इसके लिए संघर्ष करने को तैयार हैं। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि भाजपा ने जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ अन्याय किया है और प्रधानमंत्री मोदी हर चुनाव में वादा करते हैं कि वे जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देंगे। लेकिन वे कभी वादा पूरा नहीं करते। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि राज्य की मांग अब जन आंदोलन में बदल गई है। हम सरकार पर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के लिए दबाव डाल रहे हैं। कांग्रेस सांसद (एमपी) के सी वेणुगोपाल ने रविवार को कहा था कि भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (इंडिया) ब्लॉक संसद के मानसून सत्र में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रयास करेगा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेकेपीसीसी) के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा की कथित नजरबंदी और श्रीनगर स्थित पार्टी कार्यालय को सील करने की कड़ी निंदा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वेणुगोपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्य के दर्जे को लेकर पिछले आश्वासनों पर सवाल उठाए। उन्होंने पोस्ट किया, क्या प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के बारे में झूठ बोला था? अगर नहीं, तो जम्मू-कश्मीर पुलिस ने JPCC अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा जी और अन्य कांग्रेस नेताओं को क्यों गिरफ्तार किया? इसी पोस्ट में, वेणुगोपाल ने श्रीनगर स्थित प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय को कथित तौर पर बंद करने और पार्टी कार्यकर्ताओं को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने से रोकने के लिए प्रशासन पर भी निशाना साधा।

# मानसून सत्र में सभी राजनीतिक दल सदन के सुचारू संचालन और स्वस्थ संवाद में सहयोग दें: बिरला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले सोमवार को सभी राजनीतिक दलों का आह्वान किया कि वे सदन के सुचारू संचालन, रचनात्मक विमर्श और स्वस्थ लोकतांत्रिक संवाद में अपना सहयोग दें। संसद का मानसून सत्र सोमवार (21 जुलाई) से आरंभ हो रहा है और 21 अगस्ततक कुल 21 बैठकें प्रस्तावित हैं। बिरला ने ह्यएक्सह्न पर पोस्ट किया, 18वीं लोकसभा का पाँचवां सत्र (मानसून सत्र) आज से प्रारंभ हो रहा है। लोकतंत्र के इस पवित्र मंदिर में जनाकांक्षाओं की अभिव्यक्ति और राष्ट्रीय हितों के संरक्षण हेतु हम सभी प्रतिनिधियों की सामूहिक भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, मानसून सत्र से पूर्व मेरा सभी दलों के नेताओं एवं माननीय सदस्यों से आग्रह है कि वे सदन के सुचारु संचालन, रचनात्मक विमर्श और स्वस्थ लोकतांत्रिक संवाद में अपना सहयोग दें, ताकि हम समावेशी विकास, सामाजिक न्याय और आर्थिक प्रगति के लिए ठोस कदम उठा सकें। उन्होंने उम्मीद जताई कि लोकतंत्र की गरिमा, संसद की प्रतिष्ठा और जनहित की प्राथमिकता जैसे मूल्यों को समर्पित यह मानसून सत्र सार्थक और सफल होगा तथा हम सब मिलकर लोकतांत्रिक चेतना, विविधता में एकता एवं संवैधानिक मूल्यों को और अधिक सशक्त करने की दिशा में सार्थक योगदान देंगे।

# बिहार एसआईआर पर संसद में जोरदार हंगामा

## मकर द्वार पर विरोध प्रदर्शन, राहुल गांधी-अखिलेश यादव भी रहे मौजूद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। सांसदों ने संसद के मकर द्वार पर एकत्रित होकर बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ नारेबाजी की। विपक्षी सांसदों ने आरोप लगाया कि यह चुनाव 'चुराने' का एक तरीका है।

एसआईआर (विशेष गहन समीक्षा) और अन्य मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सांसदों की नारेबाजी के बीच लोकसभा दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि तख्तियाँ दिखाने के बजाय, आप अपने प्रस्ताव, संकल्प प्रस्तुत कर सकते हैं और कार्य मंत्रणा समिति उन पर विचार करेगी। अध्यक्ष समय देंगे और सरकार जवाब देगी। आप चिंतित क्यों हैं? आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि अगर लोकतंत्र में मतदाता सुरक्षित नहीं है, तो लोकतंत्र भी सुरक्षित नहीं है। मुख्य चुनाव आयुक्त को इस मामले की जांच करनी चाहिए।

समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने कहा कि सरकार की जनता की शिकायतें सुनने की कोई मंशा नहीं है और एसआईआर (विशेष गहन समीक्षा) की कवायद विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आखिरी समय में की जा रही है। इससे सरकार की मंशा पर सवालिया निशान लग रहे हैं। कांग्रेस सांसद के सुरेश ने कहा कि सरकार हमें सदन में यह मुद्दा उठाने की अनुमति नहीं दे रही है...भारत गठबंधन के सभी दलों ने संसद के मकर द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि वे लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। हम इसके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और यह गलत है। कांग्रेस सांसद के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि यह लोकतंत्र पर स्पष्ट हमला है। हम एसआईआर (विशेष गहन समीक्षा) अभ्यास पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। हमें एसआईआर नहीं चाहिए।

# जम्मू-कश्मीर में पुलिसकर्मी के साथ हिरासत में हैवानियत पर सुप्रीम कोर्ट ने अपनाया सख्त रुख

## सीबीआई जांच और 50 लाख मुआवजे का आदेश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, हिरासत में प्रताड़ना और मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों को लेकर समय-समय पर गंभीर सवाल उठते रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जम्मू-कश्मीर से सामने आया है जहां एक पुलिस कांस्टेबल के साथ कथित रूप से हुए अत्याचार के मामले में देश की सर्वोच्च अदालत ने कठोर रुख अपनाते हुए राज्य प्रशासन और पुलिस व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गहरा प्रश्नचिह्न खड़ा किया है। हम आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा स्थित ज्वाइंट इंटरोगेशन सेंटर (संयुक्त पूछताछ केंद्र) में एक पुलिस हेड कांस्टेबल के साथ हिरासत के दौरान कथित रूप से किए गए अमानवीय अत्याचार की जांच के लिए सीबीआई को आदेश दिया है। साथ ही जम्मू-कश्मीर प्रशासन को पीड़ित कांस्टेबल को 50 लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश भी दिया गया है।



हम आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने न सिर्फ तत्काल प्रभाव से इस मामले की स्वतंत्र जांच के आदेश दिए हैं, बल्कि आरोपी अधिकारियों की गिरफ्तारी का भी निर्देश जारी किया है। अदालत ने साफ कहा है कि इस पूरे मामले में सितंबर 2025 तक जांच की प्रगति रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष पेश की जाए।

हम आपको बता दें कि याचिकाकर्ता के अनुसार, वह फरवरी 2023 में बारामूला में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात था। उस समय उसे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया। चूंकि उसकी पूर्व में तैनाती कुपवाड़ा में रही थी, इसलिए उसे इसमें कुछ असामान्य नहीं लगा और वह पेश हो गया। लेकिन, कांस्टेबल का आरोप है कि 20 से 26 फरवरी 2023 के बीच उसे कुपवाड़ा के संयुक्त पूछताछ केंद्र में बंधक बनाकर बेहद क्रूरता से प्रताड़ित किया गया। उसके साथ मारपीट, बिजली के झटके, निजी अंगों में मिर्च पाउडर डालने जैसी अमानवीय हरकतें और जननांगों को क्षति पहुंचाने जैसे हैवानियतपूर्ण कृत्य किए गए। याचिका में बताया गया कि उसकी हालत इतनी गंभीर हो गई थी कि अस्पताल में उसे मृतप्राय स्थिति में भर्ती कराया गया, जहां आपातकालीन सर्जरी के जरिए उसकी जान बचाई गई।

# अस्पताल में रहते हुए भी ड्यूटी जारी रख रहा हूँ : सीएम एमके स्टालिन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को घोषणा की कि अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद वह अपने सरकारी कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं। स्टालिन ने पर पोस्ट किया कि मैं अस्पताल में रहते हुए भी सरकारी कर्तव्यों का पालन कर रहा हूँ। उन्होंने बताया कि 'स्टालिन विद यू' परियोजना के तहत शिविरों की स्थापना, जिसका उद्देश्य जन शिकायतों का समाधान करना और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुँचाना है, योजना के अनुसार चल रही है। स्टालिन ने कहा कि स्टालिन विद यू शिविर योजना के अनुसार चल रहे हैं, कल तक कितनी याचिकाएँ प्राप्त हुईं, कितनों का समाधान किया गया - मैंने मुख्य सचिव को ये विवरण एकत्र करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि लोगों की याचिकाओं के समाधान में कोई देरी न हो। इससे पहले, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के स्वास्थ्य पर बोलते हुए, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने बताया कि मुख्यमंत्री ठीक हैं और डॉक्टर जल्द ही चिकित्सा संबंधी जानकारी देंगे।

# इस्तीफा जगदीप धनखड़ ने दिया, विपक्ष के निशाने पर जेपी नड्डा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद राजनीतिक विवाद छिड़ गया है। विपक्ष इस कदम को कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रमुख मंत्रियों जेपी नड्डा और किरेन रिजिजू की अनुपस्थिति से जोड़ रहा है। कांग्रेस ने दावा किया कि धनखड़ सोमवार को हुई बीएसी बैठक में सदन के नेता नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की अनुपस्थिति से नाराज थे। हालाँकि, नड्डा ने कहा कि वे महत्वपूर्ण संसदीय कार्य में व्यस्त थे और उन्होंने सभापति को पहले ही सूचित कर दिया था।



नड्डा की यह टिप्पणी कांग्रेस नेता जयराम रमेश द्वारा बीएसी बैठक में राज्यसभा में सदन के नेता और रीजीजू की अनुपस्थिति पर सवाल उठाए जाने के बाद आई है। रमेश के दावों के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि उपराष्ट्रपति कार्यालय को बैठक में उपस्थित न हो पाने की हमारी असमर्थता के बारे में सूचित कर दिया गया था। पहली बैठक दोपहर 12.30 बजे हुई और कथित तौर पर नड्डा और रिजिजू सहित अधिकांश सदस्यों ने इसमें भाग लिया।

कुछ चर्चा के बाद, बीएसी ने शाम 4.30 बजे पुनः बैठक करने का निर्णय लिया। हालाँकि, जब बैठक दोबारा शुरू हुई, तो दोनों मंत्री अनुपस्थित थे। उनकी अनुपस्थिति में, केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन ने दूसरी बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नड्डा, रीजीजू, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सहित वरिष्ठ मंत्रियों के साथ बैठक की। इसके बाद नड्डा ने संवाददाताओं से बातचीत में यह बयान दिया। बीएसी में शामिल कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि उपाध्यक्ष धनखड़ को मंत्रियों की अनुपस्थिति के बारे में व्यक्तिगत रूप से सूचित नहीं किया गया और समिति के सदस्यों ने मंत्रियों के आने का इंतजार किया। रमेश ने कहा, उन्होंने नड्डा और रिजिजू के आने का इंतजार किया। वे नहीं आए। जगदीप धनखड़ को व्यक्तिगत रूप से सूचित नहीं किया गया कि दोनों वरिष्ठ मंत्री बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं।

# 24 जुलाई को राष्ट्रीय सहकारी नीति 2025 का अनावरण करेंगे अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह 24 जुलाई को राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 की घोषणा करेंगे। यह कदम अगले दो दशकों, 2025 से 2045 तक, भारत के सहकारिता आंदोलन में एक मील का पत्थर साबित होगा। शाह राष्ट्रीय राजधानी स्थित अटल अक्षय ऊर्जा भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में यह घोषणा करेंगे। सहकारिता मंत्रालय के अनुसार, नई सहकारिता नीति 2025 का उद्देश्य सहकारी क्षेत्र को पुनर्जीवित और आधुनिक बनाना है और साथ ही जमीनी स्तर पर एक रोडमैप तैयार करके सहकारिता के माध्यम से समृद्धि के दृष्टिकोण को साकार करना है।



इससे पहले 2002 में, भारत की पहली राष्ट्रीय सहकारी नीति जारी की गई थी, जिसने सहकारी संस्थाओं की आर्थिक गतिविधियों के बेहतर प्रबंधन के लिए एक बुनियादी ढांचा प्रदान किया था। मंत्रालय ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में वैश्वीकरण और तकनीकी प्रगति के कारण समाज, देश और दुनिया में कई बड़े बदलाव हुए हैं। इन बदलावों को ध्यान में रखते हुए, एक नई नीति तैयार करना आवश्यक हो गया था ताकि सहकारी संस्थाओं को वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में और अधिक सक्रिय और उपयोगी बनाया जा सके और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहकारी क्षेत्र की भूमिका को और मजबूत किया जा सके।

राष्ट्रीय सहकारी नीति का उद्देश्य सहकारी संस्थाओं को समावेशी बनाना, उनका पेशेवर प्रबंधन करना, उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना और विशेष रूप से ग्रामीण भारत में बड़े पैमाने पर रोजगार और आजीविका के अवसर पैदा करने में सक्षम बनाना है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभाकर प्रभु की अध्यक्षता में 48 सदस्यीय राष्ट्रीय स्तरीय समिति ने नई राष्ट्रीय सहकारी नीति तैयार की है। इस समिति में राष्ट्रीय/राज्य सहकारी संघों, सभी स्तरों और क्षेत्रों की सहकारी समितियों, संबंधित केंद्रीय और राज्य सरकार के मंत्रालयों या विभागों के प्रतिनिधियों और शिक्षाविदों के सदस्य शामिल थे।

सहभागी और समावेशी दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए, समिति ने अहमदाबाद, बेंगलुरु, गुरुग्राम और पटना में 17 बैठकें और चार क्षेत्रीय कार्यशालाएँ आयोजित कीं। हितधारकों से प्राप्त कुल 648 बहुमूल्य सुझावों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया गया और नई सहकारी नीति में शामिल किया गया। राष्ट्रीय सहकारी नीति की प्रारूप समिति के सदस्य, सभी राष्ट्रीय सहकारी संघों के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी), राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी) और वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान (वैमनिकॉम) के वरिष्ठ अधिकारी उस अवसर पर उपस्थित रहेंगे जब अमित शाह राष्ट्रीय सहकारी नीति 2025 की घोषणा करेंगे।

## संक्षेप

### फांसी के फंदे पर लटकता मिला वृद्ध महिला का शव

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक वृद्ध महिला का शव मंगलवार को घर के अन्दर फांसी के फंदे से लटका मिला ।मृतका के पति की सूचना पर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव बरुआघाट के मजरा ऊंचवा निवासी मोहकम ने पुलिस को सूचना देते कहा कि उसकी पत्नी राम देवी (70) ने मंगलवार को भोर पहर घर के अन्दर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसने बताया कि पत्नी बीमार रहती थी शायद इसी से परेशान होकर आत्महत्या की है। मृतका के एक विवाहित बेटी है।

### राजकीय महाविद्यालय के पूर्व छात्र ने प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा 2025

अमन लेखनी समाचार

असोहा, उन्नाव। राजकीय महाविद्यालय गोसाईखेड़ा के पूर्व छात्र (2021- 2024) राज किशोर पुत्र श्री ओम प्रकाश, ग्राम भभूति खेड़ा, कांथा,के निवासी है उन्होंने वर्ष 2025 की यूजीसी - नेट परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की तथा असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए अर्हता प्राप्त की। राजकिशोर राजकीय महाविद्यालय के अत्यंत होनहार छात्र रहे हैं जिन्होंने जनपद व प्रदेश स्तर पर अनेकों प्रतियोगिताओं सड़क सुरक्षा आदि में महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ दीप्ति खरे एवं समस्त प्राध्यापको ने छात्र की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर हर्ष प्रकट करते हुए बधाई दी ।महाविद्यालय परिवार राजकिशोर के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। महाविद्यालय परिवार ऐसी आशा करता है कि छात्र राज किशोर से प्रेरित होकर अन्य छात्र-छात्राएं भी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं मैं उत्कृष्ट प्रदर्शन करें एवं अपना भविष्य उज्जवल बनाएंगे।

### वेद मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव।पवित्र श्रावण मास पर नगर के मोहल्ला खत्रियाना स्थित संतोषी माता मंदिर परिसर में नव स्थापित शिवलिंग पर आज मंगलवार को वेद मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस शिवलिंग की स्थापना एवं निर्माण आचार्य हरिओम तिवारी द्वारा कराया गया है।रुद्राभिषेक में महिला सत्संग मंडल की सभी महिलाओं ने भाग लिया।रुद्राभिषेक संपन्न होने के बाद भोलेनाथ की आरती एवं पूजन किया गया। अंत में आचार्य श्री तिवारी द्वारा श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से अंजू लता शुक्ला, प्रियंका अवस्थी व रेखा अग्रवाल सहित सैकड़ों महिला-पुरुष भक्तगण शामिल हुए।

# कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। खरीफ की फसल की बुआई के समय किसानों को न तो पर्याप्त बिजली मिल रही है, न ही यूरिया खाद।प्रदेश भर में किसान खाद और सिंचाई के लिए परेशान हैं।ऐसे में कांग्रेस पार्टी ने किसानों की दुर्दशा को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। शहर कांग्रेस कमेटी उन्नाव के अध्यक्ष फैज फारूकी ने मंगलवार को डीएम के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि इस समय धान की खेती के लिए किसानों को सबसे ज्यादा जरूरत यूरिया खाद और सिंचाई के पानी की है, लेकिन भाजपा सरकार की नाकामी के चलते दोनों जरूरी सुविधाएं किसानों को नहीं मिल पा रही हैं। किसानों को मुफ्त बिजली देने और उनकी आय दोगुनी करने का वादा करने वाली भाजपा की सरकार अब अपने वादे से मुकर चुकी है।फारूकी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में बिजली की भारी कटौती हो रही है। डबल इंजन सरकार किसानों को मुफ्त बिजली देना तो दूर, सामान्य आपूर्ति भी नहीं दे पा रही है।इससे ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे और किसान खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।वहीं, यूरिया के लिए किसान सहकारी समितियों और निजी दुकानों केमुफ्त बिजली देना तो दूर, सामान्य आपूर्ति भी नहीं दे पा रही है।इससे ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे और किसान खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, यूरिया के लिए किसान सहकारी समितियों और निजी दुकानों के चक्कर काट रहे हैं। कई जगहों पर काला बाजारी के चलते यूरिया ऊंचे दामों पर बिक रही है और किसान लंबी-लंबी लाइनों में लगकर भी खाली हाथ लौट रहे हैं ।उन्होंने कहा कि किसान उमस भरी गर्मी में दर-दर भटकने को मजबूर है। भाजपा सरकार की दोहरी नीति के कारण आज अन्नदाता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।चुनावी वादों की हकीकत सामने आ गई है, जिससे किसान वर्ग हताश और निराश है। आंदोलन की चेतावनी फैज फारूकी ने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि किसानों को राहत देने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए। यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए, बिजली आपूर्ति सुधारी जाए और कालाबाजारी पर सख्त रोक लगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मांगें पूरी नहीं हुईं, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के हक में आंदोलन करने को मजबूर होगी।

# सऊदी रियाल देने का झांसा देकर लाखों की ठगी, दो गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सऊदी रियाल देने का झांसा देकर युवक से 1.55 लाख की ठगी मामले में गिरफ्तार बांग्लादेशी महिला की जमानत फर्जी दस्तावेजों के जरिए लेने की कोशिश सामने आई है।इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी, जिसमें से दो आरोपियों को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूरा मामला रायबरेली के लालगंज थाना क्षेत्र निवासी मानू सोनी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी से जुड़ा है। 21 फरवरी को उन्होंने शिकायत में बताया था कि एक महिला और दो अज्ञात युवकों ने विदेशी मुद्रा देने का झांसा देकर उनसे लाखों की ठगी की और बाद में नकली कागजों की गड्डी थमाकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान पश्चिम बंगाल और मथुरा के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था।इनमें बांग्लादेशी महिला हमीदा भी शामिल थी।हमीदा की जमानत के लिए प्रयास किए जा रहे थे। जिला जज की अदालत से 2 अप्रैल को उसकी जमानत मंजूर हुई थी, जो 9 अप्रैल को एसीजेएम तृतीय की अदालत में पेश की गई ।पुलिस विवेचक सूरज सिंह द्वारा जमानतदारों का जब सत्यापन किया गया, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। मालमऊ गांव निवासी शिवनारायण और उनके भतीजे रामलखन के दस्तावेज जमानत के लिए पेश किए गए थे। जांच में पता चला कि शिवनारायण अत्यधिक वृद्ध हैं और रामलखन वर्षों से गाँव आए ही नहीं हैं। दस्तावेजों की सत्यता संदिग्ध पाए जाने पर अदालत में फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। इस प्रकरण में आरोपी महिला हमीदा के साथ उसके अधिवक्ता अनिल कुमार, पैरोकार और दो फर्जी जमानतदारों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नेतुआ गांव निवासी आशीष राठौर उर्फ संजय और अरझोरामऊ निवासी प्रताप को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल अवनीश सिंह ने जानकारी दी कि दोनों आरोपियों को करोवन मोड़ के पास से दबोचकर न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# फांसी लगाकर नवविवाहिता ने की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र के ककहरा गांव में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 22 वर्षीय सोमिया के रूप में हुई है। घटना के समय परिवार के सदस्य खेतों में काम कर रहे थे।पति रिशु जब घर लौटा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिला।मोहल्ले वालों की मदद से दरवाजा खोला गया। अंदर सोमिया साड़ी के फंदे से लटकी मिली। सोमिया की शादी रिशु से दो साल पहले हुई थी। दोनों की एक 9 महीने की बेटी महिमा है।पड़ोसियों के मुताबिक, सोमिया शांत स्वभाव की थी। परिवार में किसी से कोई विवाद नहीं था।पुलिस मामले की जांच कर रही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घर से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।प्रथम द्दष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस पारिवारिक परिस्थितियों और मृतका की मानसिक स्थिति की भी जांच कर रही है। मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद स्पष्ट होगी ।ग्रामीणों ने बताया कि महिला हमेशा घर-गृहस्थी में व्यस्त रहती थी। अपने बच्चे को बहुत प्यार करती थी।पुलिस ने पति समेत परिवार के अन्य सदस्यों से पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की तह तक जाने का प्रयास कर रही है। मृतका के मायके पक्ष को भी सूचना भेज दी गई है।वहीं दूसरी ओर, नौ महीने की मासूम बच्ची मां के बिना बिलखती रही।

# आतिशबाज के ठिकाने पर हुआ भीषण धमाका, एक की मौत, दूसरा घायल

अमन लेखनी समाचार



मौरावां, उन्नाव। विकासखंड हिलौली के ग्राम सभा पारा में आतिशबाज के ठिकाने में भीषण धमाके से आसपास की दीवाल और खिड़की दरवाजे दड़क गए धमाका इतना जोरदार था 5 किलोमीटर की रेंज तक इसकी गूंज सुनाई दी धमाके में चौकीदार की मौत हो गई तो वहीं एक अन्य युवक घायल हो गया घटना की सूचना इलाके में आग की तरह फैल गई सूचना पाकर पहुंचे मौरावा कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने घायल को तत्काल अस्पताल भिजवाया फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचकर धमाके के बाद लगी आग को काबू किया जानकारी के अनुसार सुबह 9:00 रोज की आतिशबाज नफीस अहमदपुत्र रज्जब अली अपने मजदूर को लेकर गोला पटाखा बनाने के लिए गया हुआ था पटाखा कारखाने से 100 मीटर दूरी पर हाथ गोलों का स्टॉक था जिसकी रखवाली चौकीदार शिवचरण पुत्र विजय कर रहा था नफीस ने गांव के ही डॉक्टर शकील अहमद के खेत में बारूद का जखीरा बना रखा था जिसमें भीषण विस्फोट हुआ और शिवचरण के पर खच्चे उड़ गए आसपास बारूद ही बारुद नजर आया खेतों में बने पटाखे बिखरे पड़े थे जानकारों की माने तो नफीस अहमद को 12 किलो बारूद का हीं लाइसेंस था वह भी पटाखे बनाने का नहीं सिर्फ बेचने का नजदीक दिवाली को देखते हुए पटाखों का स्टॉक हर बरस नफीस कर लेता है इस बार भी दिवाली को देखते हुए भारी मात्रा में नफीस अहमद ने बारूद एकत्रित कर रखा था मौके पर भारी पुलिस बल फायर ब्रिगेड और तहसील प्रशासन मौजूद रहा एसडीएम पुरवा तथा क्षेत्र अधिकारी अजय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और प्रारंभिक जांच में जुट गए वहीं घायल निलेश कुमार पुत्र बुद्धि को अस्पताल भिजवाया गया मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया

# लड़की की हत्या का आरोपी व 25 हजार रुपये का इनामिया पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना कोतवाली सदर पुलिस ने फरार एवं 25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त दिलीप पुत्र सुरेश निवासी बंधुखेड़ा थाना अचलगंज जनपद उन्नाव को मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली सदर क्षेत्रांतर्गत नादाखेड़ा के पास संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनों की चेकिंग की जा रही थी, तभी बाइक सवार अभियुक्त दिलीप उपरोक्त आता हुआ दिखाई दिया, जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तभी दिलीप बाइक से भागने के दौरान गिर गया तथा पुलिस पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही में दिलीप उपरोक्त के बांए पैर में गोली लगी है।पुलिस द्वारा दलीप उपरोक्त को हिरासत मे लेकर जिला अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद बाइक व एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है बताते चले कि बीते दिनों



आरोपी युवक ने एक युवती के घर में घुसकर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया था जिसकी उपचार के दौरान कानपुर में मौत हो गई जिसमें मृतका की मां ने कोतवाली सदर में मुकदमा दर्ज कराया था।

# कांवड़ सुविधा केंद्रों का एडीएम ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।सावन माह को देखते हुए प्रशासन ने कांवड़ियों की सुविधाओं के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं।अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अमिताभ यादव ने शुक्लागंज क्षेत्र के विभिन्न गंगा घाटों और कांवड़ सुविधा केंद्रों का निरीक्षण किया।एडीएम ने सबसे पहले शुक्लागंज के मिश्रा कॉलोनी घाट का दौरा किया। उन्होंने घाट की सफाई व्यवस्था और गहरे पानी में की गई बैरिकेडिंग की जांच की।घाटों पर जल पुलिस और गोताखोरों की तैनाती के निर्देश दिए।नवीन बाढ़ चौकी स्थित कांवड़ सुविधा केंद्र में श्रद्धालुओं के लिए टेंट, पेयजल, शौचालय और चिकित्सा की व्यवस्था की गई है। खैरहा प्राथमिक विद्यालय को अस्थायी विश्राम स्थल के रूप में विकसित किया गया है।आनंद घाट पर भीड़ प्रबंधन और महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग क्षेत्र बनाया गया है। एडीएम ने हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए। पालिका कार्यालय स्थित कांवड़ सुविधा केंद्र में बिस्तर, कुर्सी और जनरेटर की व्यवस्था की गई है। एडीएम ने स्पष्ट किया कि कांवड़ियों की सेवा प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी केंद्रों पर 24 घंटे कर्मचारी तैनात रहेंगे ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो ।निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी मुकेश मिश्रा, एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और पालिका कर्मचारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सावन भर गंगा स्नान और जल भरने आने वाले श्रद्धालुओं की हर जरूरत का ध्यान रखा जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# बाबा भोलेनाथ के भक्तों ने गंगा जल भर शुरू की कांवड़ यात्रा



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ऊगू पंचायत से सावन मास की दूसरे सोमवार को डाक कांवड़ यात्रा प्रारंभ की गई है।बिठूर घाट से गंगाजल भरकर भक्तों ने डाक कांवर यात्रा प्रारंभ की। कांवड़िए वस्त्र धारण किए, दौड़ते हुए डाक कांवड़ लेकर जय भोले के जयकारों के साथ में कहीं जगह जैसे बिठूर घाट, परियार, सफीपुर कालीमिट्टी ,हाफिजाबाद, बांगरमऊ,गंज मुरादाबाद, इन जगहों से निकले जनपद हरदोई के मल्लावां क्षेत्र में स्थित सुनाशीर नाथ मंदिर पहुंचे डाक कांवर यात्रा में सभी अपनी बाइक में भगवा झंडे लगाए हुए थे। सूनाशीर नाथ मंदिर में सभी भक्तों ने पहुंचकर जल चढ़कर सुनाशीर नाथ बाबा के दर्शन किए।

# 18 सेंटीमीटर घटा गंगा नदी का जलस्तर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगा नदी का जलस्तर पिछले 40 घंटों में 18 सेंटीमीटर तक घट गया है। इससे शुक्लागंज और सफीपुर सहित तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा टल गया है। हालांकि मंगलवार सुबह जलस्तर में 3 सेमी की वृद्धि दर्ज की गई।जल आयोग के अनुसार शनिवार शाम 6 बजे गंगा का जलस्तर 110.310 मीटर था। यह रविवार सुबह घटकर 110.240 मीटर हो गया।सोमवार को यह और कम होकर 110.130 मीटर पर आ गया।मंगलवार सुबह जलस्तर थोड़ा बढ़कर 110.160 मीटर दर्ज किया गया। यह स्तर चेतावनी बिंदु 112 मीटर से काफी कम है।पिछले सप्ताह जलस्तर में अचानक वृद्धि के बाद प्रशासन ने निचले क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी थी। बाढ़ राहत दलों को सतर्क कर दिया गया था। संभावित जलभराव वाले इलाकों में अलर्ट जारी किया गया था ।आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भारी वर्षा न होने पर जलस्तर और कम हो सकता है।विभाग ने तटीय गांवों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। स्थानीय निवासी मनोज के अनुसार पिछले साल की तुलना में इस बार जलस्तर में तेजी नहीं आई है। प्रशासन के अनुसार पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाले पानी का बहाव धीमा पड़ने से जलस्तर घट रहा है।उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जलस्तर की पल-पल निगरानी कर रहा है।किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जरूरी संसाधनों और राहत टीमों को तैयार रखा गया है।किसानों के लिए यह खबर मिली-जुली रही है।जहां कुछ इलाकों में जलस्तर घटने से फसलों को नुकसान का खतरा टल गया है, वहीं गंगा किनारे खेती करने वाले किसानों को अभी सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है, क्योंकि अचानक मौसम परिवर्तन से स्थिति बदल सकती है।

# बारिश के मौसम में बढ़े सर्पदंश के मामले स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।बारिश के मौसम में सर्पदंश के मामलों में बढ़ोत्तरी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। जिला अस्पताल सहित सभी 16 सीएचसी और 42 पीएचसी को निर्देश दिए गए हैं कि वे एंटी वेनम इंजेक्शन का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखें। फिलहाल जिले में कुल 1199 वॉयल एंटी वेनम उपलब्ध हैं। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भी 45 वॉयल मौजूद हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बरसात के दौरान सांप और अन्य जहरीले कीटों की सक्रियता बढ़ जाती है। अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में लोग झाड़फूंक जैसी प्रथाओं में समय गंवा देते हैं, जिससे स्थिति गंभीर हो जाती है।यही कारण है कि विभाग ने सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को सर्पदंश के इलाज के लिए सतर्क रहने को कहा है। सांप डसने पर घबराएं नहीं, तुरंत इलाज लें जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. कौशलेंद्र प्रकाश ने बताया कि भारत में पाए जाने वाले सभी सांप जहरीले नहीं होते। लेकिन डर के कारण लोग घबरा जाते हैं और कई बार यह घबराहट जानलेवा साबित हो जाती है। सर्पदंश के मामले में घबराने की बजाय तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाएं। समय पर एंटी वेनम इंजेक्शन लगनेसे मरीज की जान बचाई जा सकती है। इन बातों का रखें ध्यान फिजीशियन डॉ. अमित तिवारी ने बताया कि सर्पदंश की स्थिति में सबसे पहले घाव को साबुन से धोना चाहिए। फिर उस हिस्से को कपड़े से हल्के से बांधना चाहिए, लेकिन रस्सी या सख्त पट्टी का प्रयोग न करें। इसके बाद बिना देरी किए मरीज को अस्पताल ले जाएं, जहां उसे एंटी वेनम इंजेक्शन और जरूरी इलाज दिया जाएगा। यहां उपलब्ध है एंटी वेनम स्टॉक जिला अस्पताल इमरजेंसी 45 वॉयल फतेहपुर चौरासी सीएचसी - 70 वॉयल पुरवा सीएचसी - 15 वॉयल नवाबगंज सीएचसी - 20 वॉयल बांगरमऊ सीएचसी - 60 वॉयल हसनगंज सीएचसी - 20 वॉयल

# मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 30 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मलांव गांव निवासी अनिल कुमार अजगैन कस्बे से साइकिल से घर लौट रहे थे। कोतवाली के सामने चौराहे पर कानपुर की तरफ जा रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस ने घायल अनिल को तत्काल नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में सोमवार रात 10 बजें इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी राखी और मां राधा का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पैतृक आवास पहुंच कर उप मुख्यमंत्री ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रंद्धाजलि



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।सीतापुर जिले के जिला प्रभारी नीरज सिंह के भाई रविंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह का विगत दस जुलाई को हार्ट अटैक से निधन हो गया था। जिसको लेकर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए हसनगंज कस्बा में स्थित पैतृक आवास पर मंगलवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक जाते समय पुछड़ा चौराहे पर ,जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी, भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने प्रतीक चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया, आवास पर डिप्टी सीएम ने पहुंचकर चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की ।डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक लखनऊ वापस जाते समय मोहान कस्बा में स्थित भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य कपिल निगम के आवास पर पहुंच कर शिष्टाचार भेंट की,कपिल निगम ने डिप्टी सीएम को प्रतीक चिन्ह व अंग वस्त्र भेटकर सम्मानित किया इस दौरान सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह , किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोज सिंह, शुभम तिवारी , आशीष सिंह ,अजय त्रिवेदी, अजय शुक्ला, आशीष निगम, हर्ष श्रीवास्तव, आदि लोग मौजूद रहे।

# वृद्ध महिला की जमीन पर दबंगो का कब्जा पीड़िता ने सीएम को भेजा शिकायत पत्र

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। असोहा क्षेत्र के गांव कालूखेड़ा में वृद्ध महिला की भूमि पर गांव के ही कुछ लोग कब्जा कर रहे है।वृद्धा ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर भूमि दिलाए जाने की मांग की है।

असोहा क्षेत्र के गांव कालूखेड़ा निवासी कलावती ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देकर बताया कि कालूखेड़ा में मौरावां - मोहनलालगंज मुख्य मार्ग किनारे भूमि संख्या 211/6 उसकी संक्रमणीय भूमि है ।उक्त भूमि पर कई वर्षो से कब्जा है ।कुछ दिन पूर्व उक्त भूमि पर गांव के ही कुछ लोगो द्वारा जबरन निर्माण कार्य कराया जा रहा है ।जब इसका विरोध किया तो उक्त सभी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे रहे है ।पीड़ित ने आरोप लगाया कि उक्त मामले की एसडीएम से लेकर एसपी तक शिकायत की गई है ।लेकिन आजतक कोई सुनवाई नही हुई है ।पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों पर सत्ता पक्ष का हाथ है ।जिससे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी कार्रवाई नहींवकर रहे है ।पीड़ित ने मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है ।जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# अलग अलग मार्ग दुर्घटनाओं में चार घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में मंगलवार अलग अलग मार्ग पर जहां ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से वृद्ध व युवती सहित तीन लोग घायल हो गए वहीं सडक पार कर रहा बाइक की चपेट में आने से घायल हो गया जिन्हें मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।हरदोई के बिलग्राम थाना क्षेत्र के राहुला गांव निवासी सलमान बहन शीबा और चाचा इशरार के साथ एक ही बाइक से हसनगंज थाना क्षेत्र के रसूल पुर बकिया गांव रिश्ते दार की मौत पर शामिल होने के लिए जा रहे थे इसी बीच लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर बाबा खेडा गांव के पास बने ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से युवक युवती और वृद्ध सहित तीन लोग घायल हो गए दूसरी घटना सम्पर्क मार्ग पर कायम पुर निबरवारा गांव निवासी किशोर भीम पुत्र सियाराम सडक पार कर रहा था इसी बीच गांव निवासी युवक द्वारा तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से घायल हो गया घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रूस से तेल खरीदने वालों पर 500 फीसदी टैरिफ की धमकी के बाद अमेरिका की धरती से ही नाटो ने भारत, चीन व ब्राजील को धमकीभरी चेतावनी दी है कि रूस से व्यापार जारी रखने पर इन तीनों देशों पर नाटो सैन्य संगठन के सदस्य देशों द्वारा सौ प्रतिशत सेकेंडरी टैरिफ लगाया जाएगा। नाटो के महासचिव मार्क रूट के ऐलान के बाद भारत ने भी बड़े तीखे शब्दों में जवाब दिया कि नाटो का दोहरापन नहीं चलेगा। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने राजधानी दिल्ली में एक मीडिया कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत की प्राथमिकता अपने लोगों के लिए ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने की है। विदेश मंत्रालय ने नाटो द्वारा दोहरा मापदंड अपनाने के लिए उनके ऐलान की कड़ी आलोचना की है। नाटो के सदस्य रूस से तेल खरीदे व नाटो भारत को धमकी दे, ये नहीं चलेगा। भारत की दो टूक राय है कि रूस-यूक्रेन युद्ध का खात्मा केवल कूटनीतिक बातचीत से मुमकिन हो सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप की रणनीति तो युद्ध को और अधिक प्रज्ज्वलित कर सकती है। भारत द्वारा परमाणु परीक्षण अंजाम देने के बाद अमेरिका द्वारा आर्थिक प्रतिबंध आयद किए गए थे। उस वक्त अमेरिकन आर्थिक प्रतिबंध एकदम नाकाम सिद्ध हुए थे। यदि भारत पर फिर से प्रतिबंध आयद किए गए तो फिर से वही अंजाम होगा। पेश है एक विश्लेषण...**

# नाटो की धमकी से भारत विचलित नहीं



विश्लेषण

प्रभात कुमार रॉय

विदेश मामलों के जानकार

**नाटो के सेक्रेटरी जनरल मार्क रूट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मार्क रूट ने बाकायदा ऐलान किया कि भारत, चीन और ब्राजील यदि भविष्य में रूस के साथ अपना कारोबार जारी रखेंगे, तो फिर इन तीनों देशों पर नाटो सैन्य संगठन के देशों द्वारा सौ प्रतिशत सेकेंडरी टैरिफ आयद कर दिया जाएगा। मार्क रूट के इस धमकी भरे ऐलान के बाद भारत द्वारा भी बड़े तीखे शब्दों में इसका प्रति उत्तर पेश किया गया। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने राजधानी दिल्ली में एक मीडिया कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत की प्राथमिकता अपने लोगों के लिए ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने की है। भारत की दो टूक राय है कि रूस-यूक्रेन युद्ध का खात्मा केवल कूटनीतिक बातचीत से मुमकिन हो सकता है।**

नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन संक्षेप में कहें तो नाटो के सेक्रेटरी जनरल मार्क रूट ने अमेरिकी सीनेटर टॉम टिलिस और जीन शाहीन के साथ संयुक्त रूप से अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में एक प्रेस कांफ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मार्क रूट ने बाकायदा ऐलान किया कि भारत, चीन और ब्राजील यदि भविष्य में रूस के साथ अपना कारोबार जारी रखेंगे, तो फिर इन तीनों देशों पर नाटो सैन्य संगठन के देशों द्वारा सौ प्रतिशत सेकेंडरी टैरिफ आयद कर दिया जाएगा। मार्क रूट के इस धमकी भरे ऐलान के बाद भारत द्वारा भी बड़े तीखे शब्दों में इसका प्रति उत्तर पेश किया गया। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने राजधानी दिल्ली में एक मीडिया कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत की प्राथमिकता अपने लोगों के लिए ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने मार्क रूट द्वारा टैरिफ आयद करने पर दोहरा मापदंड अपनाने के लिए उनके ऐलान की कड़ी आलोचना की। रणधीर जायसवाल ने आगे कहा कि तेल आयात के प्रश्न पर भारत वस्तुतः बाजार और दुनिया के हालात से निर्देशित होता है।

भारत द्वारा दोहरा मापदंड अपनाए जाने का जो संगीन इल्जाम नाटो सैन्य संगठन पर आयद किया गया है, उसका तथ्यात्मक आधार यह है कि तुर्किये जो कि नाटो सैन्य संगठन का सदस्य देश है, के भी बड़े कारोबारी रिश्ते रूस के साथ कायम रहे हैं। तुर्किये रूस से बड़ी मात्रा में आयल भी आयात करता है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) रूस की ऊर्जा के अंतरराष्ट्रीय लेनदेन के लिए एक वित्तीय माध्यम के तौर पर काम करता रहा है। यूरोप के तकरीबन सभी देश भारत द्वारा रूस के क्रूड आयल से रिफाइन तेल विगत तीन वर्षों से निरंतर खरीदते रहे हैं। अमेरिका खुद भी बड़े पैमाने पर रूस से यूरेनियम की खरीदारी करता रहा है। इन तमाम देशों पर ना तो प्रेसिडेंट ट्रंप ने और ना ही नाटो के सेक्रेटरी जनरल मार्क रूट ने एक बड़ा अतिरिक्त टैरिफ आयद करने की धमकी दी है। उल्लेखनीय है कि भारत अपनी आवश्यकता का तकरीबन 85 प्रतिशत तेल आयात करता है। आजकल भारत अपने कुल आयात का तकरीबन आधा तेल रूस से खरीद रहा है।

## रूट की टैरिफ आयद करने की धमकी

नाटो के सेक्रेटरी जनरल और नीदरलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री मार्क रूट यह भी फरमाते हैं कि भारत, चीन और ब्राजील तीनों देशों के सर्वोच्च लीडरों को रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत करके उनको युद्ध खत्म करने के लिए रजामंद करना चाहिए। मार्क रूट का यह कैसा विकट अंदाज ए बयां है, कि जिसमें कोई कूटनीतिक आग्रह नहीं है, वरन सौ प्रतिशत टैरिफ आयद करने की धमकी का विषाक्त धुआं उठता हुआ प्रतीत हो रहा है। विश्व पटल पर यह कैसा





विकराल दौर आ गया है जब कि भारत के साथ मित्रता का दम भरने वाले अमेरिका और यूरोप के अन्य नाटो देश भारत के साथ किसी जटिल अंतरराष्ट्रीय प्रश्न पर कूटनीतिक बातचीत करने के स्थान पर सार्वजनिक तौर पर भारत के विरुद्ध धमकी भरे अंदाज में सौ प्रतिशत टैरिफ नाफ़िज़ करने का ऐलान कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति आई है, जब से कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर दूसरी पारी में आसीन हुए हैं। राष्ट्रपति पद पर आसीन होने के एकदम बाद उन्होंने दावा किया था कि कुछ दिनों के अंदर ही वह रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करा देंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कूटनीतिक तौर पर रूस के राष्ट्रपति पुतिन को युद्ध खत्म करने के लिए अपने दबाव में नहीं ले पाए। इसके विपरीत रूसी फ़ौज द्वारा यूक्रेन पर भीषण सैन्य आक्रमण शुरू कर दिए गए। फिर क्या था, राष्ट्रपति ट्रंप ने बौखला कर रूस के साथ गहन मित्रता रखने वाले ब्रिक्स देश भारत, चीन और ब्राजील पर अतिरिक्त टैरिफ आयद करने की धमकी भरा ऐलान कर दिया।

## अमेरिका के हाथों की कठपुतली है नाटो

सर्वविदित है कि नाटो सैन्य संगठन में 32 सदस्य देश हैं, जिनमें यूरोपीय यूनियन के 23 देश शामिल हैं, किंतु नाटो का तकरीबन 70 प्रतिशत खर्च अमेरिका वहन करता है। अभी हाल ही में यूरोप के नाटो देशों पर राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा यह दबाव डाला गया कि ये देश अपने जीडीपी का कम से कम पांच प्रतिशत नाटो सैन्य संगठन को फंड प्रदान करेंगे। अभी तक केवल अमेरिका के अतिरिक्त अन्य नाटो देश अपनी जीडीपी का केवल ढाई प्रतिशत नाटो सैन्य संगठन को मुहैया कराते रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो देश को भी यह धमकी दी थी कि यदि वह ऐसा नहीं करेंगे तो अमेरिका नाटो सैन्य संगठन को तत्काल छोड़ देगा। उल्लेखनीय है कि जी-7 के शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों के मध्य जबरदस्त तकरार हो गई थी। आखिरकार रूस के संभावित सैन्य हमले से भयभीत हो रहे यूरोप के कुछ नाटो देश अपनी जीडीपी का पांच प्रतिशत नाटो सैन्य संगठन को प्रदान करने के लिए राजी भी हो गए हैं। ऐतिहासिक तौर पर नाटो संगठन वस्तुतः अमेरिका के हाथों की कठपुतली बना रहा है।

## बहु ध्रुवीय शक्तियों का उदय हुआ

उल्लेखनीय है कि 4 अप्रैल सन् 1949 को 12 देशों द्वारा नाटो सैन्य संगठन की बुनियाद रखी गई थी। द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के तत्पश्चात विश्व दो शक्तिशाली सैन्य गुटों में विभाजित हो गया था। कोल्ड वॉर का सैन्य तनाव का खतरनाक दौर प्रारंभ हो चुका था। सोवियत यूनियन के नेतृत्व में वारसा सैन्य पैक्ट अस्तित्व में आ चुका था। सन् 1991 में इतिहास ने जबरदस्त पलटा खाया और सोवियत यूनियन एकदम बिखर गया। इसके साथ ही वारसा सैन्य पैक्ट का भी अंत हो गया।

इस बुनियादी परिवर्तन के बावजूद अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य संगठन बाकायदा बरकरार बना रहा। विश्व पटल पर सोवियत पराभव के बाद अमेरिका एक ध्रुवीय विश्व शक्ति बन गया। परिणामस्वरूप अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज बुश सीनियर ने सद्दाम हुसैन के इराक पर ऑपरेशन डेजर्ट स्टॉर्म के तहत 17 जनवरी 1991 को धावा बोल दिया। सन् 1996 में नाटो सेना ने बोस्निया और हर्जेगोविना पर बम बरसाए थे। सन् 2001 में अफगानिस्तान पर और सन् 2003 में अमेरिका की कयादत में आक्रमण अंजाम दिया। 21वीं सदी में चीन के सैन्य और आर्थिक शक्ति के तौर पर जबरदस्त उभार ने विश्व पटल पर शक्ति संतुलन की तस्वीर बदल कर रख दी। अब विश्व पटल पर अमेरिका एक ध्रुवीय शक्ति नहीं रह गया है, बल्कि बहु ध्रुवीय शक्तियों का उदय हो चुका है।

## अमेरिका के उकसावे में हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध

राष्ट्रपति पुतिन के नेतृत्व में रूस भी एक बड़ी सैन्य शक्ति के रूप में स्थापित हो गया है। फरवरी वर्ष 2022 में प्रारंभ हुए रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस के विरुद्ध सैन्य उकसावे की कार्रवाई वस्तुतः अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य संगठन द्वारा ही प्रारंभ की गई थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने नाटो सैन्य संगठन का सदस्य बनने के लिए एक दरख्वास्त पेश की, जिस पर विचार करने के लिए नाटो देश एकदम रजामंद हो गए।

रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि यदि यूक्रेन को नाटो सैन्य संगठन का सदस्य बना लिया गया तो फिर रूस की सरहद पर नाटो के फौजी दस्ते तैनात हो जाएंगे और रूस की सुरक्षा गंभीर तौर पर खतरे में पड़ जाएगी। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को नाटो सैन्य संगठन का सदस्य देश नहीं बनाया जाना चाहिए। राष्ट्रपति पुतिन के इस आग्रह को नाटो देशों ने एकदम अस्वीकार कर दिया। यही कारण था कि यूक्रेन पर रूस की सेना द्वारा आक्रमण अंजाम दिया गया। अमेरिका और नाटो सैन्य संगठन का सोच विचार था कि अफगानिस्तान युद्ध की तरह रूस को कमजोर करने के लिए यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध में उलझा दिया जाए। अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य संगठन द्वारा इस समस्त षड्यंत्र को अंजाम दिया गया। रूस-यूक्रेन युद्ध को तकरीबन तीन वर्षों से अधिक का वक्त बीत चुका है, किंतु अभी तक यह युद्ध किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पाया है। भारत प्रारंभ से ही रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए कूटनीतिक बातचीत की पुरजोर पैरवी करता रहा है और भारत ने इस भीषण युद्ध को समाप्त कराने के लिए कूटनीतिक मध्यस्थता करने की भी पेशकश की थी।

## कोल्ड वॉर के दौर में भी भारत गुटनिरपेक्ष देश

आज के दौर में क्या इतिहास खुद को दोहराने लगा है। दुनिया फिर से दो सैन्य गुटों में स्पष्ट रूप से विभाजित होती हुई दिखाई दे रही है। कोल्ड वॉर के दौर में भी भारत गुटनिरपेक्ष देश रहा और आज भी गुटनिरपेक्ष देश है। भारत एक तरफ रूस और चीन के साथ ब्रिक्स का सदस्य देश है। दूसरी तरफ क्वॉड मोर्चे में अमेरिका और जापान के साथ सदस्य देश है। किसी सैन्य गुट में शामिल हुए बिना भारत अपने राष्ट्रीय हितों की पैरवी और सुरक्षा करता है। लेकिन भारत किसी अन्य देश के राष्ट्रीय हितों को क्षति पहुंचाने की कदाचित कोशिश भी नहीं करता। राष्ट्रपति पुतिन पर सैन्य दबाव कायम करने के लिए प्रेसिडेंट ट्रंप ने यूक्रेन की फौज को ऐसी लॉन्ग रेंज मिसाइल देने का निर्णय लिया है, जोकि रूस की राजधानी मास्को को निशाना बना सकें। राष्ट्रपति ट्रंप की आखिरकार युद्ध समाप्त करने की कैसी कारगर रणनीति है? अथवा तृतीय विश्व युद्ध का आगाज करने की सैन्य धृष्टता है?

राष्ट्रपति ट्रंप की अंतरराष्ट्रीय रणनीति के विरोध में यूरोप में आंतरिक तौर पर निरंतर विरोध और आक्रोश रहा है। फ्रांस और जर्मनी प्रेसिडेंट ट्रंप की रणनीति से एकदम सहमत नहीं है। भारत की दो टूक राय है कि रूस-यूक्रेन युद्ध का खात्मा केवल कूटनीतिक बातचीत से मुमकिन हो सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप की रणनीति तो युद्ध को और अधिक प्रज्ज्वलित कर सकती है। भारत द्वारा परमाणु परीक्षण अंजाम देने के बाद अमेरिका द्वारा आर्थिक प्रतिबंध आयद किए गए थे। उस वक्त अमेरिकन आर्थिक प्रतिबंध एकदम नाकाम सिद्ध हुए थे। यदि भारत पर फिर से प्रतिबंध आयद किए गए तो फिर से वही अंजाम होगा। अमेरिका और नाटो द्वारा की जा रही भारत विरोधी और शत्रुतापूर्ण घोषणाओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर चुप्पी साधे हुए हैं आखिर क्यों? भारत पर अंजाम दिए जा रहे प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय आक्रमण पर क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना स्पष्ट नजरिया पेश नहीं करना चाहिए?

# भारत ने नाटो को दिया करारा जवाब



कूटनीति

सुनील अमर

वरिष्ठ पत्रकार

नाटो के महासचिव मार्क रूट ने बीते बुधवार को कहा है कि भारत, ब्राजील और चीन रूस पर दबाव बनाएं कि वह यूक्रेन में युद्ध बन्द करे। उन्होंने धमकी दी है कि ये देश अगर ऐसा नहीं करते तो इन पर भारी टैरिफ लगाया जाएगा क्योंकि ये तीनों देश रूस से तेल खरीद कर उसे आर्थिक रूप से मजबूत कर रहे हैं। रूट चाहते हैं कि भारत, ब्राजील और चीन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को फोन करके कहें कि वे यूक्रेन से शांति वार्ता करने के लिए तैयार हो जाएं। रोजमर्रा के समाचार पढ़ने वाला कोई भी व्यक्ति यह समझ सकता है कि नाटो महासचिव के मुंह से किसकी आवाज निकल रही है।

असल में यह धमकी रूट (नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन) की नहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की है। अपने दूसरे कार्यकाल की शपथ लेने से काफी पहले से ही वे यूक्रेन को अमेरिकी हथियारों की आपूर्ति रोकने तथा युद्ध बन्द कराने व दुनिया के तमाम देशों पर टैरिफ का चाबुक चलाने की घोषणा कर रहे हैं। दिक्कत यह है कि बड़बोले ट्रम्प ऐसा कुछ तो कर नहीं पाये, उल्टे इजरायल की पीठ ठोंक कर ईरान व सीरिया पर अलग से हमला करवा दिया। एक तरफ तो वे शांति का नोबल पाने को किसी बच्चे की तरह लालायित दिखते हैं तो दूसरी तरफ अपने बगलबच्चे (नाटो को वाशिंगटन ट्रीटी भी कहा जाता है) नाटो की मार्फत वे इसके सदस्य देशों से अपील करते हैं कि युद्ध के लिए सहयोग राशि व हथियारों की मात्रा बढ़ाई जाए ताकि यूक्रेन को मदद की जा सके। ज्ञात हो कि नाटो को उसके सदस्य देश अपनी जीडीपी की दो प्रतिशत धनराशि तथा हथियार आदि सहयोग के रूप में देते हैं। वैश्विक चौधरी बनने की अपनी आदत से मजबूर अमेरिका इस बार यूक्रेन में जाकर फंस गया है और अब वहां से येन-केन प्रकारेण निकलना चाहता है और इसके लिए वह तमाम तरह की कोशिशें कर रहा है।

## रूस पर दबाव बनाने का प्रयास

शपथ ग्रहण करने के कुछ दिन बाद ही उन्होंने न सिर्फ यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्सकी को व्हाइट हाऊस बुलाकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया के सामने अशोभनीय तरीके से बहस कर अपमानित किया बल्कि सारी युद्धक सहायता रोकने तथा अब तक की गई समस्त प्रकार की मदद की कीमत वसूलने की भी घोषणा कर दी। रूस पर दबाव बनाने की हर संभव कोशिश की और जब रूस नहीं माना तो हार कर ट्रंप ने जेलेन्सकी को दुबारा युद्धक मदद देनी शुरू कर दी। ट्रंप और नाटो दोनों को समझ में आ गया है कि व्यापार प्रतिबन्ध, टैरिफ की धमकी व इस तरह के अन्य प्रतिबन्धात्मक उपायों से बात बनने वाली नहीं है तो वे अब उन देशों को टारगेट कर रहे हैं जो रूस के बड़े व्यापार सहयोगी हैं।

## नाटो का सदस्य नहीं है भारत

हास्यास्पद यह है कि नाटो महासचिव ऐसा व्यवहार कर रहे हैं मानों वे स्वयं अमेरिका के राष्ट्रपति हों! वे यह भूल गये लगते हैं कि उनका आदेश/ निर्देश महज नाटो के 32 सदस्य देशों पर ही चल सकता है। भारत, चीन और ब्राजील नाटो के सदस्य नहीं हैं। दूसरी तरफ, रूस से तेल खरीदने या अन्य तरह का व्यापार करने वाले



सिर्फ यही तीन देश नहीं हैं। नाटो के कई सदस्य देश जैसे- तुर्किये, हंगरी, स्लोवाकिया, आस्ट्रिया, बेल्जियम व चेक गणराज्य तथा जर्मनी भी रूस से कच्चा तेल व गैस खरीद रहे हैं। चेक ने अभी इसी महीने से तेल खरीदना बन्द किया है और जर्मनी सीधे नहीं बल्कि फ्रांस व बेल्जियम के रास्ते से गैस खरीदता है। नाटो अपने इन सदस्य देशों को रूस से तेल या गैस खरीदने को वर्जित क्यों नहीं करता? यह सही है कि भारत और चीन रूस से तेल खरीदने वाले बड़े देश हैं। रूस के सकल तेल उत्पादन का लगभग 47 प्रतिशत अकेले चीन तथा 38 प्रतिशत भारत खरीदता है। तुर्किये ने तो अभी बीते जून माह में ही रूस से चार लाख बैरल तेल प्रतिदिन खरीदा है जो काला सागर के बन्दरगाहों तथा पाइप लाइनों के माध्यम से पहुंचता है। नाटो देश हंगरी ने तो रूस से अपनी तेल खरीद को और बढ़ाकर 61 प्रतिशत से 86 प्रतिशत कर दिया है, वहीं स्लोवाकिया तो अपनी जरूरत का सारा तेल ही रूस से खरीद रहा है। आस्ट्रिया और बेल्जियम यद्यपि रूस से सीधे तेल नहीं खरीद रहे हैं लेकिन वे इस कच्चे तेल को भारत या तुर्किये में रिफाइन्ड कराकर वहां से ले रहे हैं। नाटो महासचिव ने अपने इन सदस्य देशों को कोई चेतावनी कभी नहीं दी। यही इनका दोहरा मानदण्ड है। यूक्रेन युद्ध के बाद से अमेरिका ने जब रूस पर तमाम तरह के व्यापार प्रतिबन्ध लगाए तो रूस ने अपने कच्चे तेल व गैस की कीमतें काफी कम कर दीं और यही कारण है कि आज रूस प्रतिदिन 70 लाख बैरल से अधिक तेल बेच रहा है और इसी को रोककर रूस को आर्थिक चोट पहुंचाना ही ट्रंप का लक्ष्य है। रूस के साथ भारत का सम्बन्ध सिर्फ तेल खरीदने का ही नहीं हैं। दशकों से रूस भारत का एक भरोसेमन्द रक्षा सहयोगी भी है और भारत इस रक्षा सहयोग को दांव पर कभी नहीं लगाना चाहेगा।

दूसरे, रूस यद्यपि तेल खरीद में भारतीय मुद्रा रुपया को स्वीकार नहीं करता लेकिन बाकी अन्य प्रकार के व्यापार में रूस रुपये और रुबल (रुसी मुद्रा) में भुगतान लेता है और यह भारत के लिए काफी राहत की बात रहती है। नाटो महासचिव की चेतावनी के बाद भारत के विदेश विभाग तथा केन्द्रीय पेट्रोलियम मन्त्री ने स्पष्ट कर दिया कि भारत के पास तेल खरीद के कई सारे विकल्प हैं और भारत इस तरह का हस्तक्षेप और दोहरा मानदण्ड मानने को बाध्य नहीं है। उधर शंघाई में गत सप्ताह सम्पन्न शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी दोहरे मानदंड की बात उठाते हुए पहलगाम की आतंकवादी घटना का जिक्र किया और कहा कि सदस्य देशों को बयानबाजी के बजाय क्रियान्वयन पर जोर देना चाहिये। गत माह जी-7 देशों की बैठक में जिस तरह प्रधानमन्त्री मोदी ने भी अमेरिका को साफ शब्दों में कहा था कि भारत-पाक युद्ध के सीजफायर में किसी तीसरे की भूमिका नहीं थी, आज भी उसी तरह स्पष्ट शब्दों में नाटो को भी जवाब देने की जरूरत है।

## भारत सावधान और सतर्क रहे

रूस से तेल न खरीदने का दबाव तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने भी बनाया था लेकिन तब भारत ने स्पष्ट कर दिया था कि भारत अपने हितों की रक्षा कर सकता है। अमेरिका के टैरिफ वॉर की वजह से ही सही, भारत-चीन सम्बन्धों की बर्फ पिघलनी शुरू हुई है। गलवान घाटी की झड़प के बाद पहली बार भारत का कोई बड़ा राजनेता (विदेश मन्त्री) चीनी राष्ट्रपति से आमने-सामने मिला है। टैरिफ वॉर के चलते भारत-चीन व्यापार के नये आयाम खुलने के संकेत भी हैं। भारत सावधानी और सतर्कता दिखाये तो रूस से भी व्यापारिक लाभ बढ़ सकता है। ट्रंप अपनी चौधराहट खत्म होते देखकर बौखलाये हुए हैं और उनकी धमकी तथा चेतावनी का दौर चलता ही रहेगा। भारत को इसे गम्भीरता से लेने की जरूरत नहीं है। भारत अपने लिए सक्षम है।

# धमकियों से उलझ रहे टैरिफ समझौते



इंडो-यूएस ट्रेड वार्ता

डॉ. एन. के. सोमानी

अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार

नाटो के महासचिव मार्क रूट द्वारा हाल ही में दी गई भारी टैरिफ लगाने की धमकी के बावजूद भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते ( बीटीए) के पेच सुलझाने की कवायद तेज हो गई है। समझौते की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए दोनों देशों के व्यापार प्रतिनिधि इस हफ्ते वाशिंगटन में बैठक कर सकते हैं। मीडिया में चल रही खबरों की मानें तो टैरिफ कटौती के मुद्दे पर कुछ बिन्दुओं को लेकर अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। अमेरिका 15 से 20 प्रतिशत टैरिफ चाहता है जबकि भारत का कहना है कि टैरिफ की दर 10 प्रतिशत से कम हो।

## कम टैरिफ पर नहीं मानेंगे ट्रंप

हालांकि, बौद्धिक संपदा अधिकार और बाजार तक पहुंच जैसी दीर्घकालिक चिंताओं को दूर कर लिया गया है लेकिन अब ट्रंप जिस तरह से फ्रंट फुट पर खेलते हुए एक के बाद एक देशों पर टैरिफ बम फोड़ रहे हैं, उसे देखते हुए लगता है कि ट्रंप 10 प्रतिशत से कम टैरिफ के लिए शायद ही राजी हों। ऐसे में व्यापार प्रतिनिधियों के बीच होने वाली इस बैठक को काफी अहम कहा जा रहा है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। भारत के कुल वस्तु निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 18 प्रतिशत है। 2024 में भारत ने अमेरिका को 87.4 बिलियन डॉलर का निर्यात किया। भारत अमेरिका को जैविक रसायन, कपड़ा, इस्पात, मोती, विधुत मशिनरी और दवा उत्पाद आदि का निर्यात करता है। जबकि अमेरिका भारत से चमड़ा, कपड़ा, चिकित्सा उपकरण, कीमती रत्न और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का आयात करता है। अभी व्यापार संतुलन भारत के (अमेरिकी घाटा 45.7 बिलियन डालर) पक्ष में है। हालांकि, अमेरिका द्वारा पारस्परिक टैरिफ की घोषणा किए जाने से पहले भारत ने बोरबॉन जैसे लक्जरी सामान और हार्ले डेविसन मोटरसाइकिल पर टैरिफ में कटौती की। लेकिन इसके बावजूद अमेरिका का कहना है कि भारत की टैरिफ दरें अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले टैरिफ से कहीं अधिक हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत की औसत टैरिफ दर 17 प्रतिशत है जबकि अमेरिका में यह 3.3 प्रतिशत है। सबसे बड़ा टकराव कृषि क्षेत्र में है, जहां भारत की टैरिफ दर बहुत अधिक है। भारत में अमेरिका से आने वाले कृषि उत्पादों पर औसतन शुल्क दर 37.7 प्रतिशत है जबकि अमेरिका में यह दर 5.3 प्रतिशत है। प्रस्तावित व्यापार समझौते में यही सबसे पड़ा पेच है। भारत के साथ अपने व्यापार घाटे को कम करने के लिए ट्रंप भारत पर कृषि और डेयरी उत्पादों पर टैरिफ कम करने का दबाव बना रहे हैं। वे चाहते हैं कि भारत सोयाबीन, मक्का, मिल्क पाउडर और डेरी उत्पादों पर लगने वाले भारी-भरकम आयात शुल्क में कटौती कर दे ताकि उनके उत्पाद भारत के बाजार में आसानी से बिक सके। भारत अमेरिकी मक्का पर 61 फीसदी और दूध पाउडर पर 68 फीसदी टैक्स लगाता है। भारत कृषि प्रधान देश है। यहां आधी से अधिक आबादी खेती पर निर्भर है। कृषि और डेयरी उत्पादों पर टैरिफ घटाने से देश के छोटे और सीमांत किसान अमेरिकी आयात की



चपेट में आ जाएंगे। अमेरिका में इन उत्पादों की लागत बहुत कम है। सस्ते आयात से भारत के किसानों के लिए अपनी फसल का सही दाम पाना भी मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में कृषि और डेयरी से जुड़े मुद्दों को लेकर अभी भारत सरकार संशय की स्थिति में है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि कृषि और डेयरी उत्पादों के मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं हो पाती है तो समझौते का क्या होगा। यदि समझौता नहीं हो पाता है तो भारत क्या करेगा। क्या भारत अमेरिका द्वारा घोषित 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क को चुपचाप स्वीकार कर लेगा या अमेरिका को काउंटर करने के लिए कोई प्लान-बी है। अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारत से आने वाले सामानों पर 26 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने का ऐलान किया था, लेकिन बाद में इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था।

## 26 प्रतिशत शुल्क पर असमंजस

90 दिनों की अवधि 8 जुलाई को समाप्त हो गई है। अब एक अगस्त तक का सतय है। भारत चाहता है कि ट्रंप 26 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने का निर्णय वापस ले। दूसरी ओर, अमेरिका चाहता है कि भारत सोयाबीन, मक्का, कार और शराब पर आयात शुल्क में कटौती कर दे ताकि उसके उत्पाद भारत के बाजार में अपनी जगह बना सकें। अप्रैल में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा के दौरान इन आशंकाओं को दूर करने का प्रयास किया गया।

## अब गेंद अमेरिकी पाले में

अंतिम परिणाम क्या रहा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि, भारत ने प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है, अब गेंद पूरी तरह से अमेरिकी पाले में है। अगर अमेरिका भारत की चिंताओं पर नरम रुख अपनाता है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि जल्द ही समझौते का ऐलान हो जाएगा। सच तो यह है कि भारत-अमेरिका संबंधों में व्यापारिक गिला-शिकवा आपसी खींचतान का बड़ा कारण रहा है। जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है कि समझौते का बड़ा मकसद भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 190 बिलियन डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक 500 बिलियन डॉलर करना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए दोनों देशों के बीच अगले पांच वर्षों में 250-270 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त व्यापार आवश्यक है। इसके लिए दोनों देशों को रक्षा और ऊर्जा जैसे उच्च मूल्य वाले क्षेत्रों को बीटीए का हिस्सा बनाना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जेडी वेंस की मुलाकात के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति रक्षा सहयोग को गहरा करने और नवीनतम रक्षा उपकरणों विशेष रूप से एफ-35 लड़ाकू जेट खरीदने की पेशकश कर चुके हैं। इसके अलावा अमेरिका चाहता है कि भारत बड़े पैमाने पर उससे पेट्रोल खरीदे जिससे व्यापार घाटे को कम करने में मदद मिल सके। बहरहाल, तमाम अन्तर्विरोधों के बावजूद अगर दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर सहमति बनती है तो यह भारत-अमेरिका संबंधों की दृष्टि से काफी अहम होगा। समझौते से नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच व्यापार संबंध तो पुख्ता होंगे ही, साथ ही दोनों के बीच की रणनीतिक साझेदारी भी मजबूत हो सकेगी। दूसरा, व्यापक व्यापार समझौते के लागू हो जाने के बाद दोनों देश अपने द्विपक्षीय व्यापार को साल 2030 तक 500 बिलियन डॉलर तक ले जाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे। निसंदेह, दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध शिकवा-शिकायतों से भरे रहे हैं। वाशिंगटन नई दिल्ली पर कम टैरिफ का आरोप लगाता है जबकि भारत को अमेरिका द्वारा प्रौद्योगिकी प्रतिबंधों की शिकायत रहती है। अब अमेरिका आधे से अधिक आयातों पर टैरिफ में कटौती करने के लिए खुला और लचीला दृष्टिकोण दिखा रहा है, उससे लगता है कि एक निष्पक्ष और भविष्योन्मुखी समझौता दोनों देशों के बीच की व्यापार बाधाओं को दूर कर सकता है।

## संक्षेप

### पिकअप और बाइक की टक्कर

**दो लोगों की मौत, पिकअप चालक मौके से फरार**

सुलतानपुर, कादीपुर के अखंड नगर मार्ग पर लगभग साढ़े नौ बजे एक सड़क हादसा हुआ। मलिकपुर नोनरा गैस एजेंसी के पास पिकअप ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोगों की मौत हो गई। मृतक अखण्डनगर थाना क्षेत्र के उड़री गांव के रहने वाले थे। शेर बहादुर सिंह (35) और विजय पांडे (50) मुड़िलाइ बाजार जा रहे थे। टक्कर के बाद पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर ले जाया गया। डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। कोतवाली कादीपुर प्रभारी श्याम सुंदर निरीक्षक मौके पर पहुंचे। जेसीबी की मदद से पिकअप को निकालकर पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

### दो गैंग के बीच मारपीट

**मोतिगरपुर में वर्चस्व की लड़ाई, मामला संज्ञान में आने के बाद 11 लोगों पर केस दर्ज**

सुलतानपुर, मोतिगरपुर थाना क्षेत्र में दो गैंग के बीच वर्चस्व की लड़ाई में फायरिंग की घटना सामने आई है। दियरा बाजार के पास शुक्रवार देर रात हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। जयसिंहपुर के धरसौली निवासी आदित्य सिंह उर्फ आदी और गोसाईगंज के जासापारा निवासी शक्ति सिंह उर्फ शाका के गैंग के बीच पुरानी रंजिश चल रही है। दोनों गैंग के सदस्य लाठी-डंडे, रॉड और धारदार हथियारों से लैस थे। कुछ लोगों ने फायरिंग भी की, लेकिन किसी को गोली नहीं लगी। फायरिंग की आवाज से डरे ग्रामीण अपने घरों में छिप गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसपी कुँवर अनुपम सिंह के निर्देश पर विशेष जांच टीम का गठन किया गया है। वायरल वीडियो और गवाहों के बयान के आधार पर 11 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों में आदित्य सिंह, शक्ति सिंह, शुभम पांडेय, आदित्य मिश्रा, रजत सिंह और अंकित मिश्रा समेत कुल 11 लोग शामिल हैं।

### दहेज के लिए पत्नी को घर से निकाला

**सुल्तानपुर में पति समेत 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर, पति पर अवैध संबंध का आरोप**

सुलतानपुर, एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पीड़िता आरती ने महिला थाना सुलतानपुर में शिकायत दर्ज कराई है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के पलिया गांव निवासी दिलीप कुमार से हुई थी। शादी में लड़की पक्ष ने बाइक, एक लाख रुपए नकद और अन्य सामान दहेज में दिया था। शादी के बाद से ही पति दिलीप कुमार, ससुर राम मनोहर, सास अनारा देवी, देवर प्रदीप कुमार, ननद विद्या देवी और जेठानी निर्मला देवी दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पति उसे गालियां देता और मारपीट करता था। महिला ने तीन साल तक यह सब सहा।

# उद्योग केन्द्र परिसर में आयोजित हुई एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। सूक्ष्म उद्यम को गति प्रदान कर अधिक से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से उ.प्र. सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान लागू की गई है। इसके लिए युवाओं को प्रेरित करने और उनके क्षमता निर्माण में वृद्धि हेतु जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बहराइच के परिसर में ह्यएक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा, समाधान समिति से आए हुए विषेषज्ञ डॉ. अतुल सिन्हा व अमित, लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष राम रतन अग्रवाल तथा जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक जितेन्द्र कुमार मसंद तथा समस्त बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने युवक युवतियों का आहवान किया कि योजना का भरपूर लाभ उठाकर जिले के औद्योगिक विकास में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें। अतिथि द्वय ने बैकों का आहवान किया कि योजना को सफल बनाने में रचनात्मक सहयोग प्रदान कर अधिक से अधिक युवाओं को ऋण प्रदान कर सूक्ष्म उद्यम को गति प्रदान करने के सरकार के सपने को साकार करें। अतिथि द्वय ने विभागीय अधिकारियों को सुझाव दिया कि योजना अन्तर्गत प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों का निस्तारण समयबद्धता के साथ करायें तथा बैकों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर आकांक्षी जनपद में अतिमहत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को परवान चढ़ाने में सहयोग प्रदान करें। प्रथम सत्र को सम्बोधित करते हुए विषेषज्ञ डॉ. अतुल सिन्हा द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के बारे में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि योजना की विशेषता यह है कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए रू. 5 लाख तक ब्यातमुक्त ऋण प्रदान किया जायेगा। उपायुक्त उद्योग केशवराम वर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष प्रदेश में एक लाख युवाओं को तथा 10 वर्ष में कुल 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजनांतर्गत न्यूतम शैक्षिक योग्यता 08वीं पास तथा 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के लोग अर्ह होंगें। योजनान्तर्गत रू. 05 लाख तक की उद्योग व सेवा क्षेत्र की परियोजनाओं पर 100 प्रतिशत ब्याज मुक्त व बिना गांरटी के बैंक द्वारा ऋण का वितरण किया जायेगा। कार्यशाला में आरसेटी, राजकीय पालिटेक्निक तथा आईटीआई के प्रशिक्षणरत छात्र/छात्राओं ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। उद्यम विषेषज्ञ डॉ. अतुल सिन्हा द्वारा युवाओं के जिज्ञासाओं का समाधान कराते हुए व्यवसाय के लिए उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। कार्यशाला के अंत में उपायुक्त उद्योग द्वारा सभी अतिथियों तथा उपस्थित लोगों के प्रति धन्यवाद और आभार ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुरूष एवं महिला युवा उद्यमी उपस्थित रहे।

# छापेमारी के बाद भी भारत नेपाल सीमा पर चल रहा खाद तस्करी का खेल

**खाद की दुकानों पर छापेमारी, 4 दुकानदारों का लाइसेंस निलंबित**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में कृषि विभाग व एसएसबी के द्वारा लगातार खाद तस्करी पर रोक लगाने के लिए छापेमारी और निगरानी की जा रही है। फिर भी खाद्य तस्करी का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिससे भारतीय किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। वही नेपाल को तस्कर आसानी से खाद पहुंचा कर मालामाल हो रहे हैं। 2 दिन पूर्व भारत नेपाल सीमा बलई गांव के पास एसएसबी ने 21 बोरी खाद व 3 साइकिल बरामद की है जिससे स्पष्ट है कि खाद की तस्करी जोरों पर चल रही है। जिला कृषि अधिकारी डॉ सुबेदार यादव व उनकी टीम ने मंगलवार को नवाबगंज बाबागंज रुपईडीहा क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर छापेमारी की इस दौरान कई दुकानदार दुकान बंद करके फरार हो गये। दुकान बंद करके भाग जाने के कारण इंडिया ट्रेडर्स नूरी चौराहा नवाबगंज यादव खाद बीज भंडार नूरी चौराहा नवाबगंज, पुत्तन खाद भंडार नवाबगंज, पटेल खाद बीज भंडार हरिहरपुर चौघड़वा का लाइसेंस निलंबित कर दिया। जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव ने बताया कि भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में खाद की तस्करी कर रहे चार लोगों को खाद तस्करी करते हुए एसएसबी के सहयोग से पकड़ा गया उन पर कार्रवाई की जा रही है। वहीं खाद की खरीदारी सीमा क्षेत्र के दुकानदारों से की गई है। इसकी जांच की जा रही है जो दुकानदार तस्करी में संलिप्त मिलेगा उसके ऊपर मुकदमा लिखाकर कार्यवाही की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि सभी उर्वरक विक्रेता ई-पास मशीन से आधार कार्ड से खेतौनी को चेक करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करें। उर्वरक वितरण के साथ-साथ स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर स्टॉक एवं उर्वरक खरीदने वाले का रिकॉर्ड प्रतिदिन तैयार रखें।

# परशुराम सेना के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

**परशुराम सेना के अधिकारियों ने क्षेत्राधिकारी महसी को ज्ञापन देते हुए की चोरी खुलासे की मांग**

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। बिगत दिनों थाना हरदी अन्तर्गत राजी चौराहा पर हुई थी चोरी जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। जिस पर परशुराम सेना ने चोरों को पकड़ने व जल्द खुलासा के लिए दिया ज्ञापन। 13 जुलाई की रात को राजी चौराहा निवासी दीपेंद्र दीक्षित के घर में नकदी एवं गहनों समेत लाखों की चोरी की चोरी के बाद हाल ही में जिले कुछ आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का किया। निरीक्षण घटना की सूचना सोशल मीडिया से परशुराम सेवा संस्थान को मिली तो संगठन के पदाधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए क्षेत्राधिकारी महसी से मुलाकात कर अपने लेटर पैड पर सूचना देते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है। शीघ्र खुलासा न होने की स्थिति में परशुराम सेना अनशन भी करेगी। क्षेत्राधिकारी महसी ने, शीघ्र ही दोषियों को गिरफ्तार कर माल बरामद करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर देवीपाटन मंडल संगठन मंत्री विकास पांडेय, मनोज



अवस्थी, स्नेह शुक्ला, सुनील पांडेय, सुरेश पाठक, दीपेंद्र दीक्षित, दिलीप मिश्रा, भोलू तिवारी, एसपी मिश्रा, सीपी शुक्ला नीलेश तिवारी, रोहित मिश्रा शशिकांत दीक्षित सहित संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैंकों की सलाहकार समिति की बैठक

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार की देर शाम जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी)/ जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) मार्च की त्रैमास बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीएम ने सीडी रेशियो, वार्षिक ऋण योजना, बैंक संबंधित विषयों पर गहनता पूर्वक चर्चा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एमवाईएसवाई, एक जनपद एक उत्पाद योजना, एसएचजी, सीसीएल व केसीसी फिशरीज एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना इत्यादि योजनाओं के अंतर्गत लंबित पत्रावलियों को शीघ्रता पूर्वक निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। सभी सहकारी योजनाओं को रिजेक्ट करने पर अध्यक्ष महोदया ने विशेष टिप्पणी की। उन्होंने निर्देश दिए कि रिजेक्ट आवेदनो की समीक्षा कर पुनः आवेदन कराए। सभी बैंकों को आभा जनजातीय ग्रामों में वित्तीय सुविधाएं प्रदान करने पर बल दिया एवं सभी बैंकों से वित्तीय समावेशन योजनाओं की प्रगति की जानकारी मांगी गई। उन्होनें बैंकों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मिहींपुरवा के थारू बहुल्य क्षेत्र में एक भी बैंक शाखा नहीं होने के कारण वहां पर एक बैंक अथवा एक एटीएम स्थापित कराये जाने के लिए एलडीएम को निर्देश दिया। डीएम सभी बैंकों के समन्वयक को निर्देश दिया कि आप सभी अपना-अपना सीडी रेसियों बढ़ाये। बहराइच जनपद आकाक्षांत्मक जनपद है गर्वमेन्ट की स्कीम का लाभ सभी को मिले ऐसा प्रयास बैंकों के माध्यम से होना चाहिए। डीएम ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अन्तर्गत युवाओं को लोन देने की प्रगति कम है इसको बढ़ाया जाय। एनआरएलएम योजनान्तर्गत लखपति दीदी की प्रगति शून्य होने पर डीएम ने सभी बैकों के अधिकारियों को प्रगति में सुधार लाये जाने के सख्त निर्देश दिये। इसी प्रकार डीएम ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना, पशुपलान, मत्स्य पालन एवं किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति पर असंतोष व्यक्त व्यक्त करते हुए कहा कि इससे संबंधित पात्र व्यक्ति समाज के निचले वर्ग के लोग है इसलिए सभी विभाग व बैंक समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनपद के लिए आवंटित लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कराएं ताकि समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों एवं परिवारों आर्थिक स्थिति सुद्दढ़ हो सके। डीएम ने कहा कि यह सभी योजनाएं मा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा देश के आर्थिक विकास एवं देशवासियों के सुरक्षा कवच को ध्यान में रख कर बनाई गयी महत्वपूर्ण योजनाएं हैं बैंक प्राथमिकता के साथ निर्धारित लक्ष्य को पूरा करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, भारतीय रिजर्व बैंक से सहायक महाप्रबंधक, डीडीएम नाबार्ड, अग्रणी जिला प्रबंधक, एनआरएलएम, कृषि विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, मत्स्य अधिकारी, एफएलसी, आरएसईटीआई निदेशक, बीएमएम एवं बैंक के जिला समन्वयकों सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# जिले का संयुक्त कृषि निदेशक ने भ्रमण कर चल रही योजनाओं को परखा

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। मंगलवार को अपने पूर्व निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के तहत संयुक्त कृषि निदेशक देवीपाटन मंडल गोंडा लोकेंद्र सिंह जनपद बहराइच भ्रमण पर पहुंचे। जिले के कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ कृषि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा कृषि भवन में की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। संयुक्त कृषि निदेशक देवीपाटन मंडल गोंडा ने उपस्थित सभी अधिकारियों को फील्ड में चल रहे कृषि कार्यक्रमों के निरीक्षण के निर्देश दिए। उनके द्वारा ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों को निर्देश दिया कि फील्ड विजिट किया करें दयनंदनी का विशेष निरीक्षण करें। जनपद में आयोजित कराए जा रहे प्रदर्शनों, फॉर्म स्कूल का नियमित भ्रमण करें तथा किसानों को आवश्यक तकनीकी जानकारी दें जिससे फसल उत्पादन अच्छा हो। अपने जनपद भ्रमण के दौरान संयुक्त कृषि निदेशक देवीपाटन मंडल गोंडा द्वारा विकासखंड चित्तौरा की ग्राम पंचायत अशोका में संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के क्लस्टर प्रदर्शनों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कृषक हरीश चन्द्र, केशवराम बछराज श्रीमती वनदेवी ,प्रताप नारायण के खेत/प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया गया। कृषकों को सलाह दी गई कि वे खेत में नमी बनाए रखने हेतु सिंचाई करें। कृषक को फसल सिंचाई की सलाह दी गई। इस अवसर पर भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ वर्मा उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा, क्लस्टर प्रभारी नितिन कुमार, पीपीएस श मनोज सिंह रावत , प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार मनोज कुमार सहित अन्य कृषक उपस्थित रहे।

# धार्मिक पहचान छिपाकर व्यापार का विरोध

**हिंदू नामों से दुकान चला रहे मुस्लिम व्यापारियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, एक विवादास्पद मामला सामने आया है। हिंदू समाज के लोगों ने आरोप लगाया है कि कुछ मुस्लिम व्यापारी हिंदू नामों का इस्तेमाल कर दुकानें चला रहे हैं।

इस मामले में कथावाचक पवन पांडेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। विशेष रूप से सावन के पवित्र महीने में यह मामला सामने आया है, जब कांवड़िया शिव मंदिरों में जल चढ़ाने जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने गौरा गांव स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर के पास संचालित हो रही अंडे की दुकान को भी बंद करवाने की मांग की है। प्रदेश सरकार के निदेर्शों के बावजूद कुछ व्यापारी अपनी धार्मिक पहचान छिपाकर व्यवसाय कर रहे हैं। हिंदू समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस से ऐसी



सभी दुकानों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय प्रशासन सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए स्थिति पर नजर रख रहा है।

# शराब के नशे गला दबाकर पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी पति हुआ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी कोतवाली निरीक्षक यशवंत सिंह द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम जिसमें उ0नि0 गौरव चौबे मय हमराह कां0 विनोद कुमार यादव व कां0 आमिर खान के नेतृत्व में टीम ने पत्नी की गैरइरातन हत्या मामले में थाना कोतवाली नगर में पंजीकृत धारा 105 बीएनएस से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त सोनू अहिरवार पुत्र गोकुल उम्र लगभग 31 वर्ष निवासी मुहल्ला रायकोट थाना कोतवाली नगर को




मुहल्ला रायकोट से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है जिसे आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया है ।

# पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में सफाई कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

महोबा। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के परिणामों की घोषणा के उपलक्ष्य में पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज द्वारा नगर पालिका परिषद के स्वच्छता कर्मचारियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या की गरिमामयी उपस्थिति में नगर पालिका के सभी सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इन कर्मठ कर्मचारियों ने नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उन्हें समारोह के दौरान उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। नागरिकों को जागरूक करते हुए बताया गया कि स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह एक जिम्मेदारी भी है जिसे सभी को निभाना चाहिए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनमानस को जागरूक करना और नगर के सफाई कर्मचारियों के परिश्रम और सेवा भाव को सम्मान देना था। इस तरह के आयोजनों से न केवल सफाईकर्मियों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी व्यापक रूप से फैलती है।




# परिवहन मंत्री के निर्देश पर परिवहन निगम की स्यावन बस सेवा हुई शुरू

अमन लेखनी समाचार

महोबा। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की मुख्यालय से स्यावन तक चलने वाली बस सेवा का एक बार फिर से शुभारंभ कर दिया गया है। यह बस सेवा पहली बार नवंबर 2024 में शुरू की गई थी जिससे महोबा व कुलपहाड़ की ओर आने जाने वाले स्यावन क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों के यात्रियों को अत्यंत सुविधा मिली थी। हालांकि छह माह बाद अप्रैल 2025 में यह सेवा अचानक बंद कर दी गई थी जिससे स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लगातार परिवहन विभाग में शिकायतें करने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकल पाया। इसके बाद क्षेत्र के भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कुलदीप सोनी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता राजेश बाबू रावत बबलू महाराज व बूथ अध्यक्ष वीर सिंह राजपूत ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात की। मंत्री से अनुरोध किए जाने के बाद जनहित को ध्यान में रखते हुए मंगलवार से इस बस सेवा को पुनः प्रारंभ कर दिया गया ह्व क्षेत्रवासियों में बस सेवा की वापसी से खुशी की लहर है और लोगों ने भाजपा नेताओं के प्रयासों की सराहना करते हुए सरकार का आभार जताया है।




# अपर एसपी प्रशिक्षण व्यवस्थाओं को मानक अनुरूप पूर्ण कराने के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

महोबा। अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह द्वारा पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन में चल रहे 250 रिक्रूट आरक्षियों के आधारभूत प्रशिक्षण (आरटीसी) की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मैस, बैरक, स्नानघर, कक्षाओं आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं प्रशिक्षण व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ व मानक अनुसार किए जाने हेतु सम्बन्धित प्रशिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आरटीसी कार्यालय के नियमित संचालन हेतु कार्यालय में आवश्यक पुलिस स्टाफ की शीघ्र नियुक्ति कराये जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। पुलिस लाइन स्थित आदेश कक्ष में अर्दली रूम किया गया तथा गार्द रजिस्टरों की जांच कर सम्बन्धित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार, आरटीसी प्रभारी उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस तेज सिंह यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी भी उपस्थित रहे।



# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजित



अमन लेखनी समाचार

महोबा। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आल्हा चौक में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य के द्वारा वृक्षों का पूजन करके किया गया । विद्यालय के सभी छात्र भैयाओं और छात्रा बहिनों को एक एक वृक्ष विद्यालय के द्वारा प्रदान कर उसकी सुरक्षा तथा देखभाल के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने शपथ दिलाई और कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। विद्यालय में अतिथि रूप में पधारे शिशु शिक्षा निकेतन के प्रधानाचार्य अरुण कुमार उपाध्याय को भी विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने वृक्ष उपहार स्वरूप भेंट किया। इस अवसर पर आचार्य बन्धु, आचार्या बहिनों के साथ नगर के प्रतिष्ठित बन्धु और अभिभावक बन्धु उपस्थित रहे सभी को एक एक वृक्ष देकर उसकी देखभाल की शपथ दिलाई गई

# भारतीय हलधर किसान यूनियन ने सड़क एवं नाला निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन



अमन लेखनी समाचार

महोबा। भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार के नेतृत्व में आरसी सड़क एवं नाला निर्माण को लेकर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें सुभाष नगर मुहाल के शैलेन्द्र यादव के मकान से विमला सिंह के मकान तक करीब 100 मीटर आरसीसी सड़क और राममूरत मिश्रा के मकान से राम नरेश लेखपाल के मकान तक नाला निर्माण की मांग उठाई है इस दौरान जिला प्रमुख महासचिव शंतराम त्रिपाठी, तहसील अध्यक्ष राकेश यादव, तहसील अध्यक्ष यूवा शिशुपाल सिंह परिहार, तहसील सचिव अरविंद सिंह परिहार सहित अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एकता जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह भदौरिया, प्रशांत सिंह सेंगर, देवीसिंह ठाकुर, राजकिशोर गुप्ता आदि मौजूद रहे

## संक्षेप

### 2 रिटायर्ड बैंक अफसरों के घर में चोरी

**छतों से घर में घुसे, परिवार के लोग दिल्ली में इलाज कराने गए थे**

मेरठ, शास्त्रीनगर एच ब्लॉक में चोरों ने 2 रिटायर्ड बैंक अधिकारियों के मकानों को निशाना बनाया। चोर छत के रास्ते घरों में घुसे और लाखों के नकदी और जेवर ले गए। पहली चोरी एसबीआई से रिटायर्ड असिस्टेंट मैनेजर स्व. नारायण दास खत्री के घर में हुई। उनकी पत्नी सुरेश खत्री कैंसर का इलाज कराने दिल्ली गई थीं। पड़ोसियों ने छत पर पानी भरने की सूचना दी। बेटी अनु जब मेरठ पहुंची तो छत का दरवाजा और अंदर के गेट टूटे मिले। चोर लॉकर तोड़कर एक लाख रुपए नकद, सोने की अंगूठी, दो चेन और सोने के दो टॉप्स और कड़े ले गए। दूसरी चोरी एसबीआई से रिटायर्ड असिस्टेंट मैनेजर पीएन चोपड़ा के घर में हुई। वे दिल्ली अपने बेटे के पास गए थे। लौटने पर छत का दरवाजा टूटा मिला। चोर नकदी और आभूषण के साथ पानी की टोटी तक ले गए। पुलिस का मानना है कि दोनों वारदातें एक ही गिरोह ने लगभग 5 दिन पहले की हैं। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। इसी दौरान शताब्दी नगर के एक डिपार्टमेंटल स्टोर में भी लाखों की चोरी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिना नंबर कार दौड़ा रहे गुरुग्राम के युवक

**सड़क पर हुड़दंग मचाने पर पुलिस ने किया अरेस्ट, गाड़ी सीज**

मेरठ, सिविल लाइन थाना पुलिस ने बिना नंबर की कार को सीज किया है। ये कार गुरुग्राम के युवकों की है। युवक मेरठ में बिना नंबर की कार से हुड़दंग कर रहे थे। इतना ही नहीं लापरवाही के साथ ड्राइविंग कर रहे थे। पुलिस ने सूचना के बाद उक्त कार को सीज करते हुए आरोपी युवकों को अरेस्ट कर लिया है। मेरठ में इस समय कांवड़ यात्रा चल रही है। इसको लेकर पुलिस, प्रशासन अलर्ट मोड पर है। ऐसे में जब पुलिस सड़कों पर गश्त कर रही थी एक स्कॉर्पियो के ऊपर बैठकर जाते हुए कुछ युवक दिखे। पुलिस ने युवकों का पीछा किया तो देखा युवक कार की छत पर बैठकर उत्पात मचा रहे हैं। लापरवाही से कार चला रहे थे। कार की स्पीड भी ज्यादा थी। पुलिस ने स्कॉर्पियो को रुकवाकर चैक किया तो उस पर नंबर नहीं था। इसके बाद कार को सीज कर दिया गया। पूछताछ में पता चला कि कार गुरुग्राम की है। इसमें अभय प्रताप सिंह, गोपाल, मनेंद्र, रोहित 4 युवक सवार थे।

### दलित युवक की हत्या

**जमीन में दफनाया मिला शव, 3 दिन से लापता था, फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी**

बुलंदशहर, जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपैरा में एक दलित युवक की हत्या का मामला सामने आया है। गांव की सीमा पर स्थित एक खंडहर में 32 वर्षीय संजय पुत्र वासुदेव सिंह का शव जमीन में दफनाया हुआ मिला। संजय 17 जुलाई से लापता था। घटना की सूचना मिलते ही एसपी देहात डॉ. तेजवीर सिंह पहुंचे। उनके साथ सीओ अनूपशहर रामकरन सिंह और थाना प्रभारी रामफल सिंह भी मौके पर पहुंचे। जांच में सामने आया कि हत्यारों ने जमीन में गड्ढा खोदकर युवक के शव को दफना दिया था।

# दिल्ली से मथुरा पहुंचे अपोलो के विशेषज्ञों से लोगों ने खूब की स्वास्थ्य पर चर्चा

**नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के सहयोग से आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के इस कार्यक्रम में डॉक्टरों ने आधुनिक जीवनशैली के नुकसानों का खुलासा किया**

**दिनचर्या में बदलाव से गैर संचारी रोगों को मिल रहा है बढ़ावा, शुरूआती जांच बेहद जरूरी : विशेषज्ञ**

अमन लेखनी समाचार




मथुरा, दिल्ली से मथुरा पहुंचे डॉक्टरों ने स्थानीय लोगों के साथ स्वास्थ्य पर चर्चा की। इस बीच लोगों ने अपने खानपान से लेकर जीवनशैली तक से जुड़ी बातों को साझा किया जिसे लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने साफ तौर पर कहा कि आधुनिक जीवनशैली के चलते गैर संचारी रोगों को बढ़ावा मिल रहा है। अगर शुरूआती समय में चिकित्सा जांच कराई जाए तो इससे काफी हद तक बचाव संभव है। मथुरा के नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के सहयोग से इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स ने स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें चिकित्सा विशेषज्ञों और एसोसिएशन के सम्मानित सदस्यों की भागीदारी के साथ निवारक स्वास्थ्य सेवा के महत्व पर सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम में गैर-संचारी रोगों की बढ़ती घटनाओं को रोकने में शीघ्र निदान, समय पर स्वास्थ्य जांच और जीवनशैली में बदलाव की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के हड्डी रोग विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. (प्रो.) राजेश मल्होत्रा, हृदय-रोग विभाग के डॉ. (प्रो.) एन. एन. खन्ना, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के डॉ. योगेश बत्रा और कैंसर चिकित्सा विभाग के डॉ. अजय गुप्ता ने लोगों के सवालों का जवाब दिया। कार्यक्रम में नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रमुख व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री श्री रविकांत गर्ग, एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सुनील अग्रवाल, महासचिव श्री शशिभानु गर्ग, महासचिव श्री सुनील साहनी और कोषाध्यक्ष श्री मीनालाल अग्रवाल शामिल थे। गणमान्य व्यक्तियों ने मथुरा में इस तरह की महत्वपूर्ण पहल लाने के लिए इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में और अधिक जागरूकता आधारित कार्यक्रमों के लिए अपना समर्थन दोहराया। आउटरीच पहल के एक भाग के रूप में, एसोसिएशन के सदस्यों को इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स द्वारा प्रिविलेज हेल्थ कार्ड्स से परिचित कराया गया। ये कार्ड निवारक स्वास्थ्य जांच, बाह्य रोगी निदान, फिजियोथेरेपी और आंतरिक रोगी सेवाओं पर छूट सहित महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। इस कदम का उद्देश्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक अधिक किफायती और सुव्यवस्थित पहुंच प्रदान करके व्यापक समुदाय तक अस्पताल के समर्थन का विस्तार करना है। इस अवसर पर इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के प्रबंध निदेशक श्री शिवकुमार पट्टाभिरामन ने कहा, "इंद्रप्रस्थ अपोलो में हम विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा को महानगरों से आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस 'स्वास्थ्य पर चर्चा' कार्यक्रम के जरिए हमारा लक्ष्य मथुरा जैसे विकासशील शहरों में रोकथाम और शीघ्र निदान की शक्ति के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही समुदायों को सही जानकारी और पहुंच प्रदान करके हम दीर्घकालिक बीमारियों के बोझ को कम करने और साथ मिलकर एक स्वस्थ भविष्य बनाने की आशा करते हैं।

दरअसल नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, मथुरा (पंजीकृत) स्थानीय व्यवसायों और उद्यमियों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक प्रमुख मंच रहा है। नागरिक कल्याण और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के साथ, यह संघ पूरे क्षेत्र में नीति, स्वास्थ्य सेवा और जमीनी स्तर के समुदायों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस कार्यक्रम में खुली चर्चा हुई और उपस्थित लोगों ने इसका भरपूर स्वागत किया, जिन्होंने चिकित्सा पेशेवरों से सीधे जुड़ने के अवसर की सराहना की। यह इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स द्वारा सूचित स्वास्थ्य विकल्पों को प्रोत्साहित करने और महानगरीय क्षेत्रों से परे पहुँच बढ़ाने के निरंतर प्रयासों में एक और कदम था।

# अमरनाथ स्कूल गर्ल्स डिग्री कॉलेज में दर्शनार्थियों को किया निशुल्क पौधा वितरण

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज मथुरा उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड की अहिल्या बाई होल्कर रेंजर टीम के द्वारा मथुरा दर्शनार्थियों और राहगीरो को निशुल्क पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार वाजपेयी की अध्यक्षता में हुआ जिसके अंतर्गत रेंजर लीडर श्रीमती सारिका भाटिया जी द्वारा प्राचार्य जी को स्काउट स्कार्फ पहना कर सम्मानित किया गया व कुबेराक्षी पौधा भेट कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। छात्राओ को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए प्राचार्य जी ने कहा कि हरियाली को हमे जीवन का हिस्सा बना कर प्रतिदिन कुछ समय अपने पोधों के साथ बागवानी के लिए देना चाहिए जिससे हम स्वयं भी इन हरे भरे पौधों की तरह तरोताजा हो सके। कार्यक्रम का संयोजन सारिका भाटिया जी के नेतृत्व में हुआ उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रही की सभी पौधे और गमले महाविद्यालय परिसर में ही छात्राओं द्वारा तैयार किए गए बाजार से नहीं खरीदे गए जो गाइडिंग का नियम भी है की गाइड



मितव्ययी होती हैं को प्रदर्शित करता हैं। इस अवसर पर तुलसी ,जेड प्लांट ,सदाबहार ,स्नेक प्लांट अजवाइन ,स्पाइडर ,एलोवेरा आदि के पौधे वितरित किये गए। इस अवसर पर डॉ आरती पाठक , शालिनी चंचल मांडवी ज्योति विनोद जी आदि उपस्थित रहे।

## जानकी भवन आश्रम में धूमधाम से चल रहा है महंत छविराम दास रामायणी महाराज का 20वां वार्षिक पुण्य स्मृति महोत्सव

अमन लेखनी समाचार



वृन्दावन। ज्ञान गुदड़ी क्षेत्र स्थित जानकी भवन आश्रम में श्रीरामजानकी सद्गुरु सेवा ट्रस्ट के द्वारा अनंतश्री विभूषित महंत छविराम दास रामायणी महाराज का 20वां वार्षिक नव-दिवसीय पुण्य स्मृति महोत्सव श्रीमहंत रामदास महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ चल रहा है। जिसके अंतर्गत वेदज्ञ ब्राह्मणों के द्वारा नित्य श्रीराम चरित मानस मूल पाठ, सुन्दरकाण्ड, श्रीहनुमान चालीसा आदि के अनुष्ठान किए जा रहे हैं। साथ ही श्रीराम कथा का भव्य आयोजन हो रहा है। जिसमें व्यास पीठ से पूज्य महाराजश्री के परम कृपापात्र सीताराम दास महाराज अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा देश के विभिन्न प्रांतों से आए समस्त भक्त-श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसास्वादन करा रहे हैं। श्रीजानकी भवन आश्रम के अध्यक्ष महंत रामदास महाराज ने सभी भक्तों-श्रद्धालुओं को अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि श्रीवृन्दावन धाम की महिमा स्वर्ग से भी अधिक है। यहां पर रहने वाले ब्रजवासी व संत स्वर्ग जाने की आशा नहीं रखते। उनके लिए श्रीधाम वृन्दावन ही स्वर्ग से श्रेष्ठ है। इसीलिए सभी देवतागण इस ब्रजभूमि में बार बार लीला करने आते रहते हैं। यहां पर ठाकुरजी एवं सद्गुरुदेव भगवान का उत्सव मनाने से अन्य स्थानों की अपेक्षा शतगुणा अधिक फल प्राप्त होता है। क्योंकि समूचे ब्रज चौरासी कोस की पावन धरा पर आज भी कई ऐसे दिव्य स्थल हैं, जहां पर श्रीराधारानी और भगवान श्रीकष्ण के होने का आभास प्रभु भक्तों को होता है। महोत्सव में प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, सतीश गौड़, कुंजबिहारी दास महाराज, जयराम दास महाराज, डॉ. राधाकांत शर्मा, राज महाराज एवं योगेश चौहान आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान ने कंप्यूटर समेत वाटर कूलर फ्रीजर सीसीटीवी से सुसज्जित किया विद्यालय

**विद्यालय की शिक्षा को मजबूत करने की अहम भूमिका में सिकंदरपुर ग्राम प्रधान**

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकंदरपुर की ग्राम प्रधान महदेइया द्वारा शिक्षा जगत के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान दिया गया सर्व शिक्षा अभियान सब पढ़े सब पढ़े के साथ-साथ आधुनिक युग को देखते हुए ग्राम प्रधान ने पंचायत निधि से विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीलम देवी को कंप्यूटर भेंट करते हुए बच्चों की शिक्षा को मजबूत करने का सार्थक प्रयास किया वहीं शिक्षा के साथ-साथ भीषण गर्मी में विद्यालय अंतर्गत शीतल जल बच्चों को प्रदान करने हेतु ग्राम प्रधान ने विद्यालय परिवार को वाटर कूलर फ्रीजर भेंट किया मिली जानकारी के अनुसार यह सराहनीय कार्य ग्राम प्रधान ने स्वयं अपने ग्रामपंचायत के मद से किया जिसे देखते हुए समस्त अभिभावकों एवं ग्रामीणों समेत शिक्षकों ने ग्राम प्रधान का आभार व्यक्त किया ग्राम प्रधान ने मीडिया से वार्ता करते हुए बताया कि शिक्षा जगत के लिए वह सदैव समर्पित रहेगी जहां समय-समय पर दिए गए सुझाव के अंतर्गत बच्चों की शिक्षा को मजबूत करने के लिए तन मन धन से समर्पित रहेंगी इस मौके पर ग्राम प्रधान के साथ ग्रामीण समाजसेवी अजयराज सिंह सुखराम रामकुमार सौरभ सिंह गुलाब हसन जब्बार विद्यालय के शिक्षक प्रदीप त्रिवेदी सुशील कुमार बाजपेई समेत लगभग एक सैकड़ा बच्चे मौजूद रहे

# कार और बाइक की टक्कर एक गंभीर




अमन लेखनी समाचार

राया, मथुरा-राया मार्ग पर हरि गेस्ट हाउस के समीप कार और बाइक में भिड़न्त हो गयी जिसमे बाइक सवार दो लोग बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जिनमें से एक की हालत चिंताजनक बनी हुयी है। बताया गया कि बाइक सवार राया से मथुरा की तरफ जा रहे थे वही कार संख्या यूपी 413 एई 8500 सवार वृंदावन से दर्शन कर लखीमपुर जा रहे थे। इसी दौरान मथुरा-राया रोड पर हरी गेस्ट हाउस के समीप दोनों की आमने-सामने से भिड़न्त हो गई जिसमें बाइक सवार जलालुद्दीन व बादशाह निवासी शाहपुर थाना दिल्ली गेट अलीगढ़ बुरी तरह घायल हो गए।

# तेज रफ्तार कार ने दादी-नातिनी को रौंदा, मासूम की मौत

अमन लेखनी समाचार



मथुरा औद्योगिक क्षेत्र में कल देर शाम दादी के साथ सड़क पार करती अबोध बालिका को तेज रफ्तार वैगनार कार ने रौंद दिया बालिका की मौके पर ही मौत हो गई और दादी घायल हो गई जिसका प्राइवेट अस्पताल में उपचार चल रहा है। दुर्घटना में मासूम बालिका की मौत से आक्रोश फैल गया। कार चालक मौके से भाग निकला। लोगों का कहना है कि गाड़ी पर पार्षद लिखा था। पुलिस ने कार चालक और मालिक के खिलाफ अपराध पंजीकृत किया है। मिली जानकारी के अनुसार हाईवे थाना क्षेत्र अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र में रहने वाले सोनू की मां मुन्नी देवी कल रात सात-कार पर लिखा था पार्षद, चालक भागाआठ बजे के बीच अपनी ढाई वर्षीय नातिनी आशिया के साथ सड़क पार कर रही थी। तभी तेज गति से आती वैगनार कार संख्या यूपी 85 एस 3400 ने दादी-नातिनी को टक्कर मार दी जिससे आशिया की कुछ देर तड़फने के बाद मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दादी मुन्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना से लोगों में आक्रोश फैल गया और मौके पर भीड़ इकट्ठी हो गई। लोगों का कहना था कि दुर्घटना के बाद कार चालक और उसमें सवार लोग मौके से भाग निकले इस गाड़ी पर पार्षद लिखा था। इंस्पेक्टर हाईवे ने बताया कि सोनू की तहरीर पर कार चालक और उसके मालिक के विरुद्ध अपराध पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

# हरियाली तीज पर व्यापक व्यवस्थाओं के लिए मंदिर प्रबंधन सहित व्यापारीयो के साथ बैठक

**ब्रज की रज प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जिलाधिकारी ने मांगा सहयोग**

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने वृन्दावन शोध संस्थान के सभागार में वृंदावन के व्यापारीगणों, मंदिर प्रबंधकों, गोस्वामियों, होटल, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट, धर्मशाला आदि के संचालकों के साथ पावन हरियाली तीज पर्व दिनांक 27 जुलाई के संबंध में समन्वय बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी होटल, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट, धर्मशाला, दुकानदार आदि अपने अपने स्थानों के सामने तथा आस-पास साफ-सफाई व्यवस्था रखे। सभी संचालक डस्टबिन / कूड़ा दान लगाए तथा ग्राहकों को कूड़ा डस्टबिन में डालने हेतु कहें। उन्होंने कहा कि सभी लोग सफाई को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करे। ब्रज में आने वाले श्रद्धालुओं को अच्छा अनुभव प्रदान कराना हम लोगों की जिम्मेदारी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने होटल, गेस्ट हाउस तथा धर्मशाला के संचालनों को निर्देश दिए कि आप सभी सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए तथा निरंतर संचालित रखें। आने जाने वाले श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों एवं पर्यटकों का रजिस्टर में अंकन करे, नियमानुसार आई0डी0 प्राप्त होने के उपरांत कमरे दिए जाए तथा किसी प्रकार की परेशानी पर पुलिस से तत्काल संपर्क करे। जिलाधिकारी ने होटल, गेस्ट हाउस तथा धर्मशाला के संचालनों से कहा कि आप सभी अपने होटल में आने वाले ग्राहकों से अनुरोध करे कि वे सभी जूता-चप्पल होटल में उतार कर मंदिरों के दर्शन करने के लिए जाए। मंदिर के दर्शन करने में जूता चप्पल न पहन कर आए। उन्होंने संचालकों से कहा कि वे सभी अपने अपने ग्राहकों से निवेदन करे कि वे अपनी अपनी गाड़ियां निर्धारित पाकिंगो में खड़ी करके होटल आए।

जिलाधिकारी ने प्लास्टिक मुक्त त्यौहार मनाने हेतु सभी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ब्रज की रज को प्लास्टिक मुक्त बनाने में आप सभी बृजवासियों का पूर्ण सहयोग चाहिए। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के पॉलीथिन, ग्लास, पत्तल, दोने, कटोरी आदि का प्रयोग न करे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी रेस्टोरेंट, ढाबे आदि अपने खाने की गुणवत्ता को बनाए रखे। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा पुलिस प्रशासन के लिए सर्वोपरि है। श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान कराने हेतु पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। आप लोगों के सहयोग से पवित्र हरियाली तीज पर्व भव्यता के साथ संपन्न होगा।

बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, एस0पी0 सिटी राजीव कुमार, एस0पी0 यातायात मनोज कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर संदीप सिंह, अपर नगर मजिस्ट्रेट वृंदावन संजय सिंह, अपर नगर आयुक्त सहित वृंदावन के व्यापारीगण, मन्दिर प्रबंधक, गोस्वामी, होटल संचालक आदि उपस्थित रहे।

# ब्रज की हरियाली तीज पर 79 वीं बार झूलेंगे प्रभु बांके बिहारी

अमन लेखनी समाचार

वृन्दावन रसिक शेखर स्वामीहरिदास महाराज के आराध्य भगवान बाँकेबिहारी महाराज ने 403 सालों तक पेड़ों की टहनियों पर सुगंधित पुष्प कलियों से सुसज्जित हिंडोलों का आनंद उठाया था। उसके बाद 19 अगस्त 1947 के दिन हरियाली तीज पर्व की शाम को प्रथमबार भव्य स्वर्ण रजत निर्मित जड़ाऊ हिंडोले में झुलाबिहार किया था। इस बार 27 जुलाई को आयोजित झूलनोत्सव के अवसर पर बाँकेबिहारी महाराज उक्त विश्वप्रसिद्ध स्वर्ण रजत हिंडोले में 79 वीं बार झूला झूलते हुये अपूर्व दर्शन सुख प्रदान करेंगे। महोत्सव की तैयारियां द्रुत गति से सुचारु हैं। हरिदास पीठाधीश्वर इतिहासकार आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी ने बताया कि हरियाली तीज के दिन दोनों समय ठाकुर बाँकेबिहारी महाराज स्वर्ण रजत निर्मित भव्यतम हिंडोले में झूला बिहार करते हुये श्रद्धालुओं को अद्भुत दर्शन लाभ प्रदान करेंगे। इस मौके पर आराध्यप्रभु को हरे रंग की वेशकीमती जड़ाऊ पोषाक व रत्नजड़ित स्वणाभूषण धारण कराये जायेंगे और मावा, मलाई, मख्खन, सादा मीठा घेवर तथा फीकी मीठी रसीली - केसरिया फैनी का विशेष भोग अर्पित किया जायेगा। इस विशेष पर्व पर ठाकुरजी के विश्राम हेतु स्वर्ण रजत निर्मित शयनशैया सजाकर उसके पास रजत आइना सहित श्रृंगार की समस्त सामिग्री (सुहाग पिटारी) रखी जाएगी। भावनानुसार झूलाबिहार के उपरांत बिहारीजी इसी शैया पर शयन करने के बाद पुनः उठकर सजते संवरते हैं, इसीलिए इस शयनशैया पर सुहाग पिटारी चढ़ाने का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इसदिन सुहागपिटारी चढ़ाने से सुहागिन महिलाओं को अखण्ड सौभाग्य व घर में सम्पूर्ण सुख शांति के आशीर्वाद सहित भगवान की सहज कृपा प्राप्त होती है। इन सुहाग पिटारियों में बाँकेबिहारीजी हेतु वस्त्र-आभूषण एवं श्रीजी के लिए खास तौर पर हरे रंग की साड़ी, सोने चांदी की नथ व बिंदी सहित समस्त श्रृंगार सामिग्रियां अर्पित की जाएंगी। इतिहासकार के अनुसार बिहारीजी 19 अगस्त 1947 को प्रथमबार स्वर्ण रजत हिंडोले में विराजित हुये थे ठाकुरजीमंदिर के साथ ही धर्मनगरी के अन्य मंदिर, मठ और आश्रमों में भी हरियाली तीज महोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया जायेगा। झूलनोत्सव पर विभिन्न मंदिर देवालयों में भगवान को झुलाने हेतु सजाए जाने वाले झूलों को जहाँ हिंडोले कहते हैं, वहीं घरों, बाग बगीचे व पेड़ों पर डाले जाने वाले रस्से-पट्टों को झूला कहा जाता हैं। इसी कारण हरियाली तीज से लेकर रक्षाबंधन तक आयोजित होने वाले इस समारोह को मंदिरों में हिंडोला महोत्सव के रूप में मनाया जाता है और सामाजिक स्तर पर आम जनमानस इसे झूलनोत्सव के स्वरूप में मनाते हैं। प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी बताते हैं कि बांकेबिहारी मंदिर में अब से 80 साल पहले तक पेड़ों की टहनियों लगाकर सुगंधित पुष्पों की कोमल कलियों तथा केला वंदनवार इत्यादि से प्राकृतिक हिंडोला सजाया जाता था। समयानुसार प्रभु की इच्छा, भक्तों की भावना व भौतिक प्रभाव से वर्तमान दिव्य हिंडोले का निर्माण हुआ। बाँकेबिहारी का ये स्वर्ण रजत निर्मित जड़ाऊ हिंडोला ब्रज ही नहीं अपितु विश्व भर में अपनी तरह का एकमात्र हिंडोला है। सौंदर्य, आकर्षक एवं भव्यता को लेकर ये विश्व में विख्यात तो है ही, इसका इतिहास भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। 1942 में महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान बकिबिहारी के हिंडोला का निर्माण कार्य बनारस के कारीगर छोटेलाल और ललन भाई के निर्देशन में 20 कारीगरों के समूह द्वारा 5 वर्ष की मेहनत के बाद पूर्ण हो पाया था। हिंडोला निर्माण में एक लाख तोले चांदी व दस हजार तोले सोना एवं शीशम साल व सागवान की लकड़ी का प्रयोग हुआ। इन लकडियों के लिए नेपाल में टनकपुर के जंगल की लकड़ी का सौदा कई वर्षों की लीज पर किया गया था। इसके निर्माण में सेवायत समाज, भक्त परिकर तथा बेरीबाला परिवार ने तन मन धन से सहयोग प्रदान किया था। इतिहासकार के मुताबिक वर्ष 1947 में श्रावण में पुरुषोत्तम (अधिक) माह होने के चलते सावन दो महीने तक चला था। 15 अगस्त 1947 को जिस दिन भारत को आजादी मिली थी, उसी दिन ये झूला ठाकुरजी की सेवार्थ समर्पित किया गया था और भारत के स्वतंत्रता दिवस के तीन दिन बाद 19 अगस्त 1947 को हरियाली तीज पर्व पर भगवान बाँकेबिहारीजी महाराज ने इस भव्य झूले में झूला बिहार करते हुये प्रथमबार दर्शन प्रदान किये थे। करीब 125 अलग-अलग हिस्सों में बना अपने आप में अनूठा पह टूटमा (फोल्डिंग) हिंडोला नक्काशी कला का बेजोड़ प्रमाण है। नाचते मयूर, टेड़ेमेढे खम्बे, घुमावदार सीढियाँ एवं ललिता, विशाखा, चित्रलेखा व रंगदेवी नामक सखियों की आदमकद मूर्तियां सहित ऊकेरे गए वेलबूटों की कलात्मकता भावुक भक्तों को सहजता से आकर्षित करतीं हैं। उस वक्त इसे बनाने में लगभग 25 लाख रुपये खर्च हुये बताये जाते हैं, किन्तु अब इसकी कीमत तकरीबन सौ करोड़ रुपए आंकी जाती है। पहले ये झूला मंदिर में सिर्फ शाम को सजाया जाता था, परन्तु वर्ष 2015-16 में हुये इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के उपरांत अब दोनों समय झूला दर्शन होते हैं। हर बार इस त्यौहार पर भारी भीड़ उमड़ती है। वर्ष 1947 में बने इस अद्भुत झूले में ठाकुर बाँकेबिहारी महाराज इस वर्ष 79 वीं बार झूलाबिहार करेंगे।

# मगोर्रा थाने में हंगामा करने वाली महिला पर होगी कार्यवाही

**महिला ने पुलिस पर लगाए शर्मनाक आरोप**

**पुलिसकर्मी कह रहे पैसा दे या इज्जत...**

**महिला पर पहले से ही दर्ज हैं कई सारे मुकदमे**

**पहले भी सरकारी दफ्तर में जाकर कर चुकी है हंगामा**

अमन लेखनी समाचार



मथुरा के थाना मगोर्रा में उस समय सनसनी फैल गई जब थाने पर एक महिला ने हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू कर दिया अपनी वेदना बता रही महिला ने कानून की रखवाली करने वाली पुलिस पर गंभीर सवाल खड़े किये हैं। मगोर्रा थाने पर आज उस समय बवाल मच गया जब एक पीड़ित महिला ने न्याय न मिलने से आहत होकर थाने में जमकर हंगामा काटा। महिला ने पुलिस पर सनसनीखेज आरोप लगाए कि कार्यवाही के बदले थाने में उससे पैसे या इज्जत देने की बात कही जा रही है। पीड़िता गोला देवी का आरोप है कि बीते 19 दिनों से उसे रोज थाने बुलाया जा रहा है, लेकिन आज तक उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। महिला ने चीखते-चिल्लाते बताया कि लेनदेन औरजानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने एफआईआर तक दर्ज नहीं की। अब जब थक-हारकर उसने आवाज उठाई, तो जवाब मिला कि पैसा दे या इज्जत दे। थाना पसिर में महिला जोर जोर से चिल्ला रही थी कि मुझे मायके वाले ऐसे मिल गए और थाने में ऐसे पुलिस वाले भी ऐसे हैं तो मेरी मदद कौन करेगा ? गरीब को इंसाफ कौन देगा ? महिला ने परिजनों के साथ मारपीट और लेनदेन की शिकायत पहले भी कई बार दी, लेकिन हर बार उसे टाल दिया गया। हार थककर, टूटकर, बेहाल होकर महिला ने थाने में ही ईंट उठा ली और जमकर बवाल किया। स्थिति बेकाबू होते देख पुलिसकर्मी हरकत में आए और महिला को आश्वासन दिया कि एफआईआर दर्ज कर उसके मामले में कार्यवाही की जाएगी

## थाने में ही बेहोश होकर गिरी महिला..

हंगामे के दौरान महिला की हालत इतनी बिगड़ गई कि वो थाने में ही अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। मौके पर पर मौजूद ग्रामीणों ने पानी पिलाकर महिला को होश में लाने की कोशिश की। इस दौरान कई ग्रामीण भी वहां मौजूद थे जो महिला को समझा-बुझा र रहे थे, लेकिन महिला लगातार अपने मायके पक्ष के लोग और पुलिस पर आरोप लगा रही थी। महिला द्वारा किए गए संगमी का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है इस घटना के बारे में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत जानकारी देते हुए बताया कि महिला के द्वारा इससे पहले भी कई बार ऐसी घटना गांव वालों पर भी लग चुकी है संगीन आरोप इस मामले में जांच के आधार पर महिला पर सरकारी काम में बाधा डालने एवं बार-बार ऐसा कृत करने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी

# सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को केंद्र के अंदर दी जाएगी एंट्री- डीएम

अमन लेखनी समाचार

महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में आरओ व एआरओ परीक्षा सकुशल संपन्न कराने हेतु केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिले के 5 परीक्षा केंद्रों में आरओ व एआरओ की परीक्षा आगामी 27 जुलाई को संपन्न कराई जाएगी। जिसमें 2120 अभ्यर्थी भाग लेंगे।बैठक में परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश ने बताया कि जिले में आगामी 27 जुलाई को आरओ व एआरओ की परीक्षा सुबह 9.30 बजे से 12.30 के बीच संपन्न कराई जाएगी। मुख्यालय के वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्लॉक ए, वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्लॉक बी, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं राजकीय पॉलिटेक्निक को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के दौरान कोई भी परीक्षार्थी टाई, बेल्ट, आभूषण या इलेक्ट्रॉनिक घड़ी पहनकर केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं कर सकेगा। सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को एंट्री दी जाएगी। परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी आधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थियों को अपने साथ किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण कैलकुलेटर, स्लाइड रूल, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर युक्त इलेक्ट्रॉनिक घड़ी आदि तथा सादे कागज, कापी, किताबें, नोट्स, पत्रिकाएं, खाद्य सामग्री गुटखा आदि लाने की अनुमति नहीं है। अभ्यर्थियों द्वारा अपने साथ लाई गई वस्तुएं यथा-कापियाँ, पुस्तकें, नोट्स, पॉलीथीन बैग, थैले, ब्रीफकेस आदि अलग कमरे में जमा करने की व्यवस्था की जाए तथा सामग्री जमा करके अभ्यर्थियों को टोकेन दे दिए जाएं। उक्त सामग्री जमा करने हेतु अभ्यर्थियों से कोई धनराशि, शुल्क नहीं लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि अभ्यर्थीगण परीक्षा केन्द्र पर कोई भी कीमती, महंगा सामान यथा गहने तथा धार्मिक लॉकेट आदि लेकर न आयें क्योंकि इसको सुरक्षित रखना सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है। आयोग इसके लिए उत्तरदायी नहीं होगा। उन्होंने अभ्यर्थियों के रुकने की व्यवस्था हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया तथा अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक लाने ले जाने की व्यवस्था करने हेतु सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी नें सभी सम्बंधित आधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी आयोग द्वारा दिए गए निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। बैठक में लोक सेवा आयोग से आये समन्वय प्रेक्षक अनिल कुमार शुक्ला नें परीक्षा से सम्बंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं एवं निदेशों पर सभी सम्बंधित आधिकारिओं से चर्चा की तथा आयोग द्वारा दिए गए निदेशों से अवगत कराया ह्न बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी देव कुमार यादव, उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ प्रदीप कुमार, डिप्टी कलेक्टर राजकुमार सहित समस्त परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### कुल्हाड़ी से हमला करने के बाद गर्म तबा चेहरे पर चिपकाकर जलाया

अमन लेखनी समाचार

बिवांर। उलाहना देने गए पिता पुत्र पर युवक ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इसके बाद गर्म तवा पुत्र के चेहरे में लगा देने से जलकर घायल हो गया। बीच बचाव में गर्म तवा से पिता का हाथ जल गया है। पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाक्षेत्र के भुगैचा गांव निवासी अरुण कांत पुत्र केदारनाथ सोनी ने बताया कि शराब के नशे में उमेश पुत्र दशरथ श्रीवास आकर उसके पुत्र शिवम से अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर डंडा से मारपीट कर चोट पहुंचाई। पुत्र के साथ उलाहना देने उसके घर जाने पर कुल्हाड़ी से वारकर घायल कर दिया। आरोपी उमेश ने घर से गर्म तवा लाकर पुत्र शिवम के चेहरे में चिपकाकर जला दिया। पिता के हाथ में गर्म तवा को लगाकर जलाकर घायल कर दिया। पड़ोसियों ने बीच बचाव किया। अरुण कांत ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायल पिता पुत्र का छानी सीएचसी में डाक्टरी परीक्षण कराया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने युवक को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

### मजदूर का शव रास्ते में मिलने से फैली सनसनी

#### परिजनों ने ज्यादा शराब पीने से जताई मौत की आशंका

अमन लेखनी समाचार

राठ। कोतवाली के बहगांव में एक वृद्ध मजदूर का शव संदिग्ध अवस्था में सड़क पर पडा मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार बहगांव निवासी भगवान दास 60 रैकवार पुत्र मातादीन उर्फ मत्ती मजदूरी और मछली का शिकार कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। सोमवार की शाम भगवान दास का शव उनके घर जाने वाले रास्ते पर पडा मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि भगवानदास शराब पीने का लती था। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में करीब एक दर्जन घरों में अवैध कच्ची शराब बनाकर बेंची जाती है। संभावना जताई कि भगवानदास ने कच्ची शराब पी और मौत हो गई। भगवानदास की मौत पर पत्नी कौशल, तीन पुत्र भरत, अशोक और राजकुमार का रोरोकर बुरा हाल था। कोतवाल रामासरे सरोज ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# युवा समाजसेवी मान खां ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर बनाई मिशाल



अमन लेखनी समाचार

गुरसराय। समीपस्थ ग्राम मडोरी में सावन माह में समाजसेवियों और भोले शंकर की भक्ति में धर्म जाति से ऊपर उठकर श्रद्धा का भाव सबसे ऊपर है ,जहां काबड़ियों पर युवा समाजसेवी मान खां और उनकी युवा टीम ने पुष्प वर्षा कर गर्मजोशी से स्वागत करते हुए बम-बम भोले के जयकारे लगाए और विशाल प्रसाद वितरण के साथ कन्या भोज कराया। समाजसेवी मान खां द्वारा किए जा रहे इस कार्य ने नगर से लेकर क्षेत्र में गुरसरांय की हिंदू-मुस्लिम एकता और सभी त्योहार सभी धर्म के लोग मिलजुल कर मनाने की परंपरा को मूर्त रूप दिया है।मीडिया से बात करते हुए मान खां ने बताया कि लगातार कावड़ यात्रा के दौरान सावन माह में कावड़ियों का भव्यता से स्वागत करते हुए प्रसाद वितरण के साथ-साथ कन्याओं और भक्त जनों का भंडारा जारी रहेगा।

# सीएचसी में आयोजित कार्यक्रम में 10 बेटियों को दी गई उपहार स्वरूप बेबी किट



अमन लेखनी समाचार

महोबा। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत जिला प्रोबेशन अधिकारी हर्षवर्धन नायक के दिशा निदेर्शानुसार मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में बेटी जन्मोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया ह्न जिसमें 10 बेटियों को उपहार स्वरूप बेबी किट दिया गया। केंद्र प्रबंधक क्षमा द्वारा महिला कल्याण विभाग से संचालित महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई ,स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, निराश्रित महिला पेंशन योजना , वन स्टॉप सेंटर की कार्य प्रणाली उनसे मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी समस्त महिलाओं को जागरूक किया गया। सभी हेल्पलाइन नंबर 181, 1090, 1076, 112, 102, 108 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से केस वर्कर अर्चना चार लाइन से परामर्शदाता सीमा यादव,एवं डॉ आशीष तिवारी, सिद्धार्थ अग्रवाल, बीएमपी शिवचरण पाल, स्टाफ नर्स कोमल एवं हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित रहा।

# उरदना के ग्रामीणों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रधानाध्यापिका पर लगाए गंभीर आरोप

### ग्रामीणों ने 12 सूत्री शिकायतों का ज्ञापन डीएम को सौपा

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। मौदहा विकास खंड ग्राम उरदना के ग्रामीणों ने गांव में उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापिका पर वित्तीय अनियमिताएं एवं अभिभावकों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौपा है। जिसमे उन्होंने प्रधानाध्यापिका का स्थानांतरण करने की मांग की है।

मौदहा तहसील के उरदना गांव निवासी अवधेश सुरेश रामप्रकाश शिव बहादुर सिंह चंद्रपाल रामबली रामराज राजेश कुमार ओमप्रकाश सुरेश कुमार राज किशोर राम प्रकाश शिवनारायण बच्चा कुशवाहा आदि ग्रामीणों ने दिए ज्ञापन में आरोप लगाते हुए बताया कि उनके गांव में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संदीपा कुमारी द्वारा अभिभावकों के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार की वजह और बच्चों में भय के कारण बच्चे विद्यालस से नाम कटवा कर टीसी लेकर दूसरी जगह चले जा रहे हैं। वर्ष 2024-25 में विद्यालय में छात्र नामांकन 322 था वर्तमान वर्ष 2025-26 में 322 के सापेक्ष 250 रह गया। प्रधानाध्यापिका द्वारा मानव संपदा पोर्टल में लखनऊ शासन में 277 छात्रों की झूठी सूचना दर्ज की गई है जबकि वर्तमान विद्यालय में मात्र 250 छात्रो का ही नामांकन है।प्रधानाध्यापिका विगत 9 वर्षों से विद्यालय में सरकारी धन का दुरुपयोग करते हुए आने वाली कंपोजिट ग्रांट 75हजार प्रतिवर्ष का वित्तीय गमन करते हुए आज तक विद्यालय के कमरों के अंदर एवं बाहर रंगाई पुताई नहीं करवाई गई।उसके एवज में मात्र एक अलमारी ही ली गई है। जो कि घोर वित्तीय अनियमितता को दशार्ता है। विद्यालय में मिड-डे मील में लगभग 80-90 बच्चों की संख्या रहती है लेकिन 250 की सापेक्ष 218, 220, 210 चढ़ाया जाता है। विद्यालय में कभी भी मीनू के अनुसार मिड डे मील नहीं बनवाया जाता एवं गुणवत्ता विहीन रहतने सहित 12 सूत्री शिकायतें की है।ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापिका के विरुद्ध की गई शिकायतों की जांच कर स्थानांतरण की मांग की है।

# विभिन्न मांगों को लेकर सपाइयों ने प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।मजदूरों की विभिन्न समस्याओं और 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को मर्ज जाने के विरोध में सपाइयों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया।इस दौरान उन्होंने राज्यपाल से सम्बोधित पांच सूत्री और तीन सूत्री मांगो के दो अलग-अलग ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को एक साथ सौंपे है।

समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष नीलम यादव और मजदूर सभा की जिलाध्यक्ष लालता सिंह खंगार के नेतृत्व में जुलूस की शक्ल में प्रदर्शन करते हुए कार्यकताओं ने सरकार के विरोध में नारे लगाते हुए डीएम कार्यालय तक आए जहाँ उन्होंने दिए ज्ञापन कहा कि सरकार का विद्यालयों को मर्ज करने का निर्णय पूरी तरह से अव्यवहारिक व जनविरोधी है।कहा कि प्रदेश के हजारों प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के मर्ज होने से लाखों रसोइयों को रोजगार से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने विद्यालयों के मर्ज प्रक्रिया को तत्काल रोकने, सभी रसोइयों को पुनः बहाल कर सम्मानजनक मानदेय नियमित नियुक्ति एवं समाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ने, प्रत्येक बस्ती से 1 किमी की परिधि में प्राथमिक विद्यालय और 3 किमी के दायरे में उच्च प्राथमिक विद्यालय की व्यवस्था करने की मांग की है। इसके अलावा दूसरे ज्ञापन में उन्होंने मनरेगा



मजदूरों को तीन सौ दिनों का कार्य दिवस व छह सौ रुपए मजदूरी दिलाने, श्रम पोर्टल को खोलने, नए श्रम संहिता को समाप्त कर पुराने श्रम कानूनों को बहाल करने सहित पांच सूत्री मांग की है।इस दौरान नंदकिशोर, राजेश श्रीवास, शिवशरण,इदरीस खान, दीपक वर्मा,फहीम चौधरी, घनश्याम साहू, विकास कुमार गुप्ता, गोपाल बजाज सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साथी की हत्या में दो को आजीवन कारावास

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सदर कोतवाली के किंग रोड में तीन वर्ष पूर्व टेढ़ा निवासी युवक की हत्या कर शव पुराना बेतवा घाट रोड में फेंका गया था। मृतक के भाई ने दो के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम प्रहलाद सिंह द्वितीय ने दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास व 30 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई।

सहायक शासकीय अधिवक्ता विशंभर सिंह पाल ने बताया कि सुमेरपुर थानाक्षेत्र के टेढ़ा गांव निवासी अरविंद सिंह ने सदर कोतवाली में 7 दिसंबर 2022 को तहरीर देकर बताया कि उसका बड़ा भाई अखिलेश सिंह उर्फ बउवा 6 दिसंबर को पेशी पर न्यायालय हमीरपुर आया था। देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो 7 दिसंबर को सुबह आकर उसकी ससुराल में पता किया तो भाभी के चाचा जयकरन सिंह ने बताया कि कल शाम 4 बजे अखिलेश अपने साथी सुनील तिवारी उर्फ सुनील बंसल निवासी किंग रोड व जमुना सविता निवासी बंगाली मुहाल के साथ बाइक से आया था। मगर कुछ देर बाद लौटकर आने की बात कहकर उन्हीं के साथ वापस लौट गया था। तभी एक व्यक्ति का शव पुराना बेतवा घाट रोड में बोरे में बंद खून से लथपथ पाया गया है। शव देखकर उसने भाई की शिनाख्त की। उसके भाई की हत्या सुनील बंसल व जमुना सविता ने धारदार हथियार से करके शव बोरे में भरकर पुराना बेतवा घाट रोड में फेंका है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम प्रहलाद सिंह द्वितीय ने मुकदमें की सुनवाई करते हुए युवक की हत्या में सुनील बंसल व जमुना सविता को आजीवन कारावास व 30 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई।

# किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



गरौठा झांसी।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बामौर ने मंगलवार को उप जिलाधिकारी गरौठा सुनील कुमार के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने बताया की केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने चुनावी घोषणा पत्र में किसानों से वादा किया था किसानों की आय को दोगुना किया जाएगा, बिजली पानी मुफ्त दिया जाएगा और साथ ही खाद के लिए किसानों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। लेकिन वर्तमान में डबल इंजन सरकार इन सभी किसानों की समस्याओं को वादा के मुताबिक पूरा नहीं कर सकी। हर क्षेत्र में किसानों को खाली जुमला ही मिला है ।इन्हीं समस्याओं को लेकर आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बामौर के अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव के नेतृत्व में किसानों ने महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को उप जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा जिसमें किसानो की समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया।अभी किसानों को भारी बारिश ने परेशान किया है जिससे बहुत से किसान अपनी खरीफ की फसल की बुआई नहीं कर सके कुछ किसानों ने किसी तरह बुआई कर ली है तो उन्हें बिजली खाद की समस्या से जूझना पड़ रहा है यदि किसानों को समय से बिजली, पानी एवं खाद नहीं उपलब्ध हुआ तो वह अपनी खरीफ की फसल को खो देंगे। यह सिर्फ आज की समस्या नहीं है किसानों को समय से बिजली पानी एवं खाद वर्तमान डबल इंजन सरकार कभी नहीं उपलब्ध करा सकी। क्या सरकार किसानों को कमजोर करना चाह रही है यदि नहीं तो किसानों की समस्याओं का समाधान कब किया जाएगा। इस मौके पर चंद्रप्रकाश चौरसिया जिला उपाध्यक्ष, महिपाल प्रजापति जिला सचिव राजेन्द्र सोनी पूर्व नगर अध्यक्ष विजय सिंह पटेल ममता पटेल, मनसुख लाल, नूरुद्दीन अली जिला सचिव, महेन्द्र रायकवार, इमामुद्दीन आजाद खेमचंद्र, भुमानी प्रसाद हारून खान पार्षद ,आनन्द कुमार, फहीम राइन, हेमचंद्र आर्य सहित कांग्रेस कमेटी एवं बड़ी संख्या में किसान मोजूद रहे।

# श्री शिव महापुराण कथा का हवन पूजन एवं भंडारे के साथ हुआ समापन

अमन लेखनी समाचार



झांसी। श्री श्याम शक्ति धाम खाटू श्याम मंदिर करगुवा जी स्थित मंदिर पर चल रही श्री शिव महापुराण कथा का मंगलवार को हवन पूजन एवं भंडारे के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर भागवत आचार्य श्री यदुकुल नंदन सावरिया सरकार ,भागवत आचार्य रामकिशुन यादव, भागवत आचार्य रणधीर, भागवत आचार्य सुश्री सुमन सरकार भुजोद ,भागवत आचार्य पीतांबरा दीदी पूछ ,भागवत आचार्य शालिनी दीदी सेमरी को पगड़ी पहना कर एवं शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर चरण सेवक यदुवंशी महासभा से झांसी मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव टांडा , स्वरूप सिंह यादव, भवानी सिंह यादव मिनी, हेमंत यादव, ज्ञान सिंह यादव, लाखन सिंह यादव, राकेश यादव, रघुवीर सिंह, मंसाराम यादव, शास्त्री हरिदास पुजारी सुरेश चंद्र योगी, राजू गुप्ता, भजन गायिका लक्ष्मी, ज्ञान सिंह यादव, अरविंद यादव ,प्रवेश यादव, श्याम जी यादव, जीतू यादव, मानवेंद्र कुशवाहा, रामकुमार यादव, प्रेम सिंह यादव, धर्मेंद्र यादव, चंचल यादव, पुष्कर यादव, दिलीप राजपूत ,वीर सिंह, थान सिंह, रमेश चंद्र, राघवेंद्र कुशवाहा, हरि कुशवाहा ,लोकेंद्र यादव, भैया लाल, राधेश्याम पांचाल, जगमोहन तिवारी, वीरेंद्र बुंदेला, जितेंद्र यादव, जमुना साहू मुन्ना पाल गब्बर सिंह संजय भाई प्रेम निरंजन यशवंत राजपूत प्रधान नारायण सिंह लला बरोरा खेमचंद सुरेश ठेकेदार विनोद उमाशंकर हरिश्चंद्र फौजी सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ज्ञान सिंह यादव मास्टर ने किया एवं अंत में प्रदीप यादव टांडा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया

# औद्योगिक इकाइयों को दी जाएं बेहतर सुविधाएं-डीएम

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने व्यापार बंधुओं व उद्योग बंधुओं की मासिक समीक्षा बैठक में औद्योगिक इकाइयों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए। साथ ही निवेश मित्र पोर्टल के प्रकरणों, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऋण स्वीकृति एवं वितरण संबंधी समीक्षा की। साथ ही निर्देश दिए कि इन योजनाओं में आए आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग न रख नियमानुसार स्वीकृत कर समय से की जाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि निवेश व निर्यात की गतिविधियों को बढ़ाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। बैंकों द्वारा उद्योगों की स्थापना के लिए ऋण सुगमता से उपलब्ध कराए जाएं। व्यापारी बंधुओं की बिजली, पानी, अतिक्रमण, जामिंग, मंडी स्थलों की साफ-सफाई, नगर क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था, जीएसटी भुगतान आदि से संबंधित समस्याएं सुनीं गई। साथ ही समस्याओं का नियमानुसार निस्तारण करने को संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जीएसटी रिटर्न भरने एवं नए रजिस्ट्रेशन में आने वाली समस्याओं तथा व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के बारे में भी जानकारी दी गई। बैठक में सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम वि/रा विजय शंकर तिवारी, एएसपी मनोज कुमार गुप्ता, एसडीएम राठ अभिमन्यु कुमार, उपायुक्त उद्योग रवि वर्मा, उपायुक्त वाणिज्य कर सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी तथा उद्यमी एवं व्यापारी बंधु मौजूद रहे।

# भारी बारिश से किसानों की फसलों के नुकसान को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

### किसानों की फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग

अमन लेखनी समाचार

राठ। बीते दिनों क्षेत्र में लगातार हुई भारी बारिश के चलते किसानों की खेत में खड़ी फसलें पूरी तरह से जलमग्न हो गई थी। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ था। किसानों को सरकार से मुआवजा दिलाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं ने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसियों ने किसानों की फसलों का सर्वे कराकर उन्हें मुआवजा दिलाने की मांग की है।

मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार की अगुवाई में दर्जनों कार्यकताओं और किसानों ने ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जनपद में अधिकतर आबादी किसानों की रहती है। बीते कुछ दिनों पहले लगातार हुई मूसलाधार बारिश से खेतों में खड़ी उरद, मूंग, ज्वार, मूंगफली आदि की फसलें पानी में जलमग्न होकर सड़ गई थी। प्रदेश सरकार से किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की। वहीं रबि की फसल को लेकर कांग्रेसियों ने यूरिया व डीएपी खाद की किल्लत को लेकर सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध कराने की मांग की। जिससे आसानी से किसानों को खाद मिल सके। ज्ञापन देने के दौरान लतीफ उल्लाा एडवोकेट, बारे लाल अहिरवार, हरीशरण लोधी, मुस्ताक खां, इबादतअली, देवेंद्र अनुरागी, सुरेश सिंह राजपूत, रसीद, अहबान, जयसिंह एडवोकेट, ग्रीस राजपूत, चंद्रशेखर, मैयादीन साहू, राजेश सविता समेत अनेक लोग रहे।

# बाइक सवार मामा भांजे की मौत

### कानपुर से मजदूरी कर लौटते ट्रक ने मारी टक्कर

अमन लेखनी समाचार

पौथिया, हमीरपुर। कानपुर शहर से मजदूरी कर बाइक से उमरी गांव अपने घर आ रहे मामा भांजा को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में भांजे की मौके पर मौत हो गई। जबकि मामा ने कानपुर में इलाज दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है। थाना बिवांर के उमरी गांव निवासी आशिक (30) पुत्र ब्रम्हा अपने मामा मौदहा थानाक्षेत्र के भभौरा निवासी राजा (27) पुत्र बलकू के साथ कानपुर से आ रहे थे। तभी ललपुरा थानाक्षेत्र के राठ स्टेट हाईवे पर स्वासा मोड़ के पास सोमवार रात करीब एक बजे उनकी बाइक में ट्रक जोरदार टक्कर मारते हुए भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल भेजा। जहां आशिक को मृत घोषित कर दिया। वहीं राजा को कानपुर रेफर कर दिया। राजा की कानपुर में मौत हो गई। मृतक बाल्मीकि बिरादरी के थे। बाइक सवार हेलमेट लगाए थे। मृतक आशिक अविवाहित तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। वहीं मृतक राजा चार भाइयों में सबसे छोटा था। पुलिस ने दोनों शव को हमीरपुर में पीएम के लिए भेजदिया है ललपुरा थानाध्यक्ष राकेश सरोज में बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दुर्घटना के बाद भागे ट्रक को पकड़ लिया है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

# हरियाली तीज स्त्रीत्व का उत्सव

सावन के महीने में मनाए जाने वाले हरियाली तीज पर्व का धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व तो है ही, इसे स्त्रीत्व का उत्सव भी माना जाता है। इससे जुड़े रीति-रिवाजों और परंपराओं में परिवार और रिश्तों की मंगलकामनाएं भी निहित होती हैं। इसीलिए आज के दौर में भी इस पर्व की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है।

पर्व

यशोधरा भटनागर



हरियाली तीज आते ही बीती यादें आंखों के सामने नाचने लगती हैं। कितने दिन पहले से मां तीज की तैयारी में लग जाती थीं। मनिहारिन काकी चूड़ी, टिकुली, मेहंदी, महावर का टोकरा सिर पर रखे आंगन में जम जातीं। दादी, चाची, हम सब उनके आस-पास बैठ जाते। हमारी आंखें काकी के टोकरे को स्कैन कर लेने में कोई कसर नहीं छोड़तीं। सावन के सेहरों संग उत्सव के हरे, लाल, पीले खुशियों के रंग चारों ओर बिखर जाते। दादी बताती थीं कि सावन का महीना शिव पूजा का पवित्र माह है। शिव जी के प्रिय श्रावण मास में सबसे ज्यादा वर्षा होती है। अधिक वर्षा शिवजी के विष से गर्म शरीर को ठंडक प्रदान करती है। भारतीय लोकजीवन में सावन प्रेम, सौंदर्य और श्रद्धा का माह है। इस माह में आया हरियाली तीज का पर्व, भारतीय स्त्री के जीवन, उसकी संवेदनाएं और उसके संकल्पों का सुंदर भावनात्मक प्रस्तुतीकरण है।

### तीज का मूलार्थ और स्वरूप



'तीज' शब्द संस्कृत के 'तृतीया' से लिया गया है, जिसका अर्थ है हिंदू पंचांग की शुक्ल या कृष्ण पक्ष की तीसरी तिथि। सावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को 'श्रावण तीज' या 'हरियाली तीज' कहा जाता है। मुख्य रूप से यह पर्व उत्तर भारत में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, हरियाणा आदि राज्यों में महिलाओं द्वारा श्रद्धा, प्रेम और उल्लास के साथ मनाया जाने वाला पर्व है। मान्यता है, देवी पार्वती ने शिव जी को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। देवी पार्वती ने सावन में मृतिका से शिवलिंग का निर्माण करके भक्ति भाव से शिवजी का पूजन किया और तपस्या में लीन हो गईं। उनकी तपस्या से अंत में प्रसन्न होकर हरियाली तीज पर भगवान शिव प्रकट हुए और देवी पार्वती को वरदान दिया कि तुम मेरी अर्धांगिनी बनोगी। इस प्रकार भोलेनाथ सावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को विवाह के लिए तैयार हुए थे। इसीलिए हर साल हरियाली तीज के दिन कुंवारी लड़कियां मनचाहे वर के लिए और विवाहित स्त्रियां पति की लंबी आयु के लिए यह व्रत करती हैं।

### तीज का सामजिक-सांस्कृतिक और भावनात्मक पक्ष



सावन की तीज नारी जीवन के उस पहलू को सजीव करती है, जहां वह एक उपासिका, एक सृजनशील शक्ति और एक भावनात्मक केंद्र बन जाती है। विवाहित स्त्रियां अपने पति की दीर्घायु और सुखमय जीवन के लिए व्रत रखती हैं। यह उपवास केवल दैविक आस्था नहीं, बल्कि एक मानसिक और आत्मिक शक्ति का प्रदर्शन भी है। मायके और ससुराल के बीच भावनाओं का पुल बनती है तीज। विवाहित बेटियों को मायके बुलाया जाता है। गोटा लगी हरी-लाल लहरिया लहराती साड़ी में सजी बहू-बेटियों के हाथों में मेहंदी, कलाई में चूड़ियां, पांवों में महावर, बिछिए, पायल के स्वर पूरे माहौल को झंकृत करते आशीष देते हैं। गीतों, हंसी, झूलों और श्रंगार से सजी यह बेला उन्हें अपने स्त्रीत्व का उत्सव मनाने का अवसर देती है। तीज जैसे पर्व भारतीय स्त्री को मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त करते हैं। सहेलियों, बहनों, पड़ोसियों के साथ त्योहार मनाने से आपसी संबंध मजबूत होते हैं।

### व्रत, पूजा और अनुष्ठान

तीज के दिन महिलाएं सूर्योदय से पूर्व स्नान कर सुंदर-स्वच्छ वस्त्र धारण करती हैं। व्रत रखती हैं और दिनभर शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। शिव-पार्वती की कथा से उन्हें प्रेम, समर्पण और आत्मबल का आदर्श मिलता है। सौभाग्यवती स्त्रियां सोलह श्रंगार, मेहंदी, चूड़ियां, बिंदिया, पायल, साड़ी आदि में सजकर देवी पार्वती की भांति स्वयं को नववधु के रूप में अलंकृत करती हैं। तीज के पारंपरिक लोकगीतों के साथ यह व्रत संपन्न होता है।

### झूले, गीत और नारी की अभिव्यक्ति

सावन और तीज के गीत भारतीय स्त्रियों की भावनाओं, पीड़ा, प्रतीक्षा, प्रेम और सामाजिक स्थिति के स्वरों को पिरोते हैं। 'कजरियां', 'सावन के झूले', 'मायके बुलावे' जैसे गीत न केवल मनोरंजन के साधन हैं, बल्कि स्त्री के भीतर छिपे भावलोक की सुंदर झलक भी हैं।

### आधुनिक संदर्भ में तीज

समय के साथ तीज का स्वरूप बदला है, पर इसका आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व आज भी उतना ही प्रासंगिक है। आज की नारी भी इस पर्व को केवल रीति नहीं, एक उत्सव के रूप में मनाती है, जहां वह अपने अस्तित्व, विश्वास और संबंधों को फिर से सजीव कर आनंदित होती है। सावन की तीज केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, यह भारतीय स्त्री के आंतरिक सौंदर्य, उसकी सहनशीलता, उसकी आस्था और उसके आत्मबल का प्रतीक है। यह पर्व उसे अपनी जड़ों से जोड़ता है, प्रकृति के साथ उसका संवाद कराता है। हरियाली तीज नारी का उत्सव है। उत्सव है भावों का, विश्वास का और उसकी अपनी पहचान का। ❁

# हाथों पर रचवाएं आकर्षक मेहंदी

हरियाली तीज पर आप ट्रेडिशनल ड्रेसअप, मेकअप और ज्वेलरी कैरी करने के साथ हाथों पर मेहंदी भी जरूर लगवाएंगी। हम आपको यहां बता रहे हैं कि किस तरह के मेहंदी डिजाइन इन दिनों ट्रेंड हैं, जिन्हें आप रचवा सकती हैं।

श्रंगार

निधि गोयल



तीज का त्यौहार विवाहित महिलाओं के लिए बहुत मायने रखता है। ऐसे में महिलाएं सोलह श्रंगार करती हैं। सोलह श्रंगार को पूरा करती है हाथों में रची प्यारी-प्यारी मेहंदी। यहां हम आपको बता रहे हैं कि किस तरह के मेहंदी के डिजाइन आप अपने हाथों में लगाकर इस तीज पर डिफरेंट नजर आ सकती हैं। इनमें से कुछ मेहंदी डिजाइंस पर एक नजर।

### भरवा मेहंदी डिजाइन

तीज जैसे मौके पर भरे-भरे डिजाइन वाली मेहंदी पसंद की जाती हैं। इनके अलावा जालीदार, फूल पत्तियों के डिजाइन काफी पसंद किए जाते हैं। साथ ही इनमें फूलों के डिजाइन भी काफी सुंदर लगते हैं। जब आप इस तरह की मेहंदी लगवाती हैं, तो हाथों की खूबसूरती और बढ़ जाती है।

### अरेबिक मेहंदी डिजाइंस



अरेबियन मेहंदी के डिजाइन अधिकतर महिलाओं को पसंद आते हैं। इनमें आजकल कई तरह के डिजाइन ट्रेंड में चल रहे हैं। इस डिजाइन से आपके हाथों को बेहद सुंदर लुक मिलता है। अरेबिक मेहंदी डिजाइन में हाथों में भरकर मेहंदी नहीं लगाई जाती है। बल्कि इसमें बेल टाइप मेहंदी डिजाइन ज्यादा पसंद की जाती है। साथ ही आपकी लगी हुई मेहंदी हैवी भी नजर आती है। इनमें बहुत सारे डिजाइन आजकल ट्रेंड में हैं, इनमें से आप कुछ अलग हट कर डिजाइन अपने हाथों पर लगवा सकती हैं।

इस डिजाइन में हथेली को पूरी तरह भर कर बनाया जाता है। यह डिजाइन बहुत खिलता हुआ नजर आता है।

### पोर्ट्रेट मेहंदी डिजाइंस



आजकल इस तरह की मेहंदी डिजाइन भी काफी ज्यादा पसंद की जा रही है। इसमें अपने किसी खास व्यक्ति की मुखाकृति को बनाया जाता है। शादी और तीज जैसे त्यौहारों पर तो खासकर इस मेहंदी डिजाइन को काफी पसंद किया जाता है। खासकर ब्राइडल के हाथों पर इन मेहंदी को आपने लगा देखा होगा। इसमें दूल्हा और दुल्हन की आकृति को हाथों पर बनाया जाता है। जिससे ब्राइडल के हाथ बेहद सुंदर नजर आते हैं। तीज जैसे त्यौहारों पर भी इस मेहंदी डिजाइन का काफी क्रेज देखा जा रहा है।

### टैटू मेहंदी डिजाइंस



अगर आपके पास कम समय है और आप कुछ घंटे बैठकर मेहंदी कहीं लगवा नहीं पाती हैं तो ऐसे में टैटू मेहंदी लगा सकती हैं। इसके लिए बाजार में मिलने वाले मेहंदी के टैटू आप स्वयं लेकर आसानी से हाथों पर लगा सकती हैं। टैटू मेहंदी में आप काफी सारे डिजाइन, जो काफी ट्रेंडी और यूनिक हैं, उन्हें खरीद के इस तीज पर अपने हाथों पर लगा सकती हैं।

### ज्वेलरी मेहंदी डिजाइंस

त्यौहारों पर यह मेहंदी डिजाइन भी बेहद सुंदर नजर आती है। ज्वेलरी मेहंदी के डिजाइन इस तरह के लगाए जाते हैं कि आपके हाथों पर लगाई गई मेहंदी गहनों की तरह नजर आती है। ज्वेलरी मेहंदी डिजाइंस आमतौर पर पूरे हाथ, बाजू और पैरों को कवर करते हैं और बहुत विस्तृत और कलात्मक होते हैं। इन्हें अगर सफाई से नहीं लगवाया जाए तो फिर ज्यादा सुंदर नहीं लगते हैं। ऐसे में मेहंदी लगाने वाले का एक्सपर्ट होना जरूरी है। ❁

**(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

बच्चे और आप

नीलम अरोड़ा

छोटे बच्चे अपने पापा-मम्मी के पास ज्यादा से ज्यादा रहना चाहते हैं। पैरेंट्स भी यही चाहते हैं। सवाल यह है कि बच्चे रात में अकेले सोएं या अपने पापा-मम्मी के साथ? इस बारे में आपके लिए जरूरी सलाह।

# बच्चों को अपने साथ सुलाना कितना सही-कितना गलत



हमारे देश में ही नहीं, दुनिया के कई और देशों में भी बच्चों को काफी उम्र तक माता-पिता अपने साथ सुलाते हैं। उनका मानना होता है कि इससे बच्चों की माता-पिता के साथ बॉन्डिंग ज्यादा गहरी होती है। बच्चे स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं। पैरेंट्स भी उनकी सुरक्षा के विषय में सुनिश्चित रहते हैं। कई माता-पिता अपने बेडरूम में ही बच्चों को एक ही पलंग पर सुलाते हैं, तो कई अपने बेड पर न सुलाकर उन्हें उनके लिए अलग बेड की व्यवस्था करते हैं। पश्चिमी देशों में इसके विपरीत बच्चों को शुरू से ही अलग सुलाया जाता है, जिसमें सबसे बड़ी वजह बच्चों को बेहतर नींद आए और माता-पिता की प्राइवेसी में कोई खलल न पड़े।

**साथ सुलाने के फायदे:** बच्चों को साथ सुलाने के कई फायदे होते हैं। इससे उनको भावनात्मक सुरक्षा तो मिलती ही है, जब वो साथ सोते हैं तो कम रोते हैं और कम तनावग्रस्त होते हैं। उनका शारीरिक विकास भी बेहतर होता है, क्योंकि अलग सोने वाले बच्चों की तुलना में वे खुश रहते हैं, उनकी कम तनाव होने और स्वस्थ रहने से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी इजाफा होता है। माता-पिता जब बच्चों को अपने साथ सुलाते हैं तो चूंकि वे उनकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त होते हैं, उन्हें भी अच्छी नींद आती है। बच्चों के साथ उनके रिश्ते मजबूत होते हैं। एक-दूसरे के करीब होने के कारण वे एक-दूसरे की शारीरिक और मानसिक जरूरतों को ज्यादा अच्छी तरह से समझ सकते हैं। साथ में सुलाने से बच्चों की देखभाल करना, उनकी किसी भी तरह की जरूरत को समझना उनके लिए ज्यादा सुविधाजनक होता है।



**बच्चों को अलग कब सुलाएं:** इस विषय में कोई सटीक जवाब नहीं मिलता है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों को छह महीने के बाद अलग सुलाना चाहिए। जबकि कुछ का मानना है कि बच्चे जब दो या तीन साल के हो जाते हैं तो पैरेंट्स को अपनी प्राइवेसी मेंटेन करने के लिए उन्हें अपने से अलग सुलाना चाहिए। कुछ बालरोग विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों के साथ लंबे समय तक बेड शेयरिंग नहीं करनी चाहिए। खासतौर पर बच्चे जब छोटे हों। क्योंकि नींद में बच्चों की स्थिति का पता नहीं चलता। ऐसे में यदि माता-पिता को कोई संक्रामक रोग है तो इसका असर बच्चे पर पड़ सकता है।

**कुछ और जरूरी सुझाव:** यदि बच्चा प्री-मैच्योर है तो उसे मां को अपने साथ सुलाना चाहिए। बच्चे को एक ही बिस्तर पर सुलाने से जगह कम होने के कारण उनके गिरने की भी आशंका रहती है।

- यदि बच्चे को लंबे समय तक अपने साथ सुलाया जाए तो एक समय के बाद उसे अकेले सोने में डर लगता है। बाद में उनकी आदत बदलना कठिन होता है।
- अगर आप भी अपने बच्चों को अपने साथ सुलाती हैं तो इस बात का खास ख्याल रखें कि आपका बिस्तर कितना लंबा चौड़ा है। अगर इसमें पर्याप्त स्थान नहीं है तो बच्चे के गिरने या दबने की भी आशंका रहती है।
- अगर बच्चे का माता-पिता के साथ ज्यादा भावनात्मक जुड़ाव हो तो उसे धीरे-धीरे अपने से अलग सुलाने की आदत डालनी चाहिए। साथ सुलाने में माता-पिता की ही नहीं बच्चे की नींद भी बाधित होती है।
- बच्चा अगर बहुत छोटा नहीं है तो उसके लिए अपने ही कमरे में अलग बेड की व्यवस्था करें। धीरे-धीरे उसे अलग कमरे में सुलाएं, लेकिन उसका कमरा आपके बेडरूम से ज्यादा दूर नहीं होना चाहिए। ताकि रात के समय जब उसे आपकी जरूरत हो तो आप उसके लिए तुरंत वहां हाजिर हो सकें। ❁

मेंटल हेल्थ

अंजू जैन

# क्या आप हमेशा सोचती हैं नेगेटिव



कुछ लोगों का मन हमेशा उदासी में डूबा रहता है। उन्हें लगता है, कोई उनको पसंद नहीं करता। अपने आपको हर काम में असक्षम मान लेते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा है तो आप नेगेटिवटी से घिरी हुई हैं, मानसिक रोग से ग्रस्त हो सकती हैं। इससे जल्द से जल्द उबरिए। सबसे पहले अपने आपको पहचानें कि क्या आप मानसिक रोग से ग्रस्त हैं, फिर अपनी सोच बदलने का प्रयास करें।

**मुझे कोई चाहता नहीं:** 'मेरी किसी को परवाह नहीं।', 'हर कोई खुद में ही मस्त है, मुझे कोई नहीं चाहता।' अगर अकेले में आप ऐसा बार-बार सोचती हैं तो समझ लें कि आपका दिमाग वास्तविकता की बजाय भावनाओं में बह रहा है, बहका हुआ है। ऐसे में कई बार आप अचानक अपराधबोध की शिकार हो जाती हैं, सोचती हैं कि मैंने कुछ गलत किया है।

**क्या करें:** 'द हैप्पीनेस ट्रैप' पुस्तक में मनोविज्ञानी रस हैरिस ने लिखा है कि इस स्थिति में आपको अपनी अनुभूतियों को कंट्रोल में लाना होगा, सच्चे मन से वास्तविकता को पहचानना होगा। 'मैं अकेली हूं, मुझे कोई नहीं चाहता।' ऐसा कुछ सोचना, अस्थाई मानसिक स्थिति के इमोशंस हैं। इन्हें आपको हवा में उड़ाना सीख लेना चाहिए। अपने इमोशंस को कंट्रोल सकती हैं।

**कोशिश करना बेकार है:** आपको अपनी पसंदीदा जॉब की वैकेंसी की खबर मिलती है। आप पल भर के लिए उत्साहित होती हैं। लेकिन अगले ही पल आपका मन बुझ जाता है, आप अपनी क्वालिफिकेशन से ज्यादा अपनी कमियां गिनने लगती हैं। फिर सोचती हैं कि मुझे यह जॉब नहीं मिलेगी।



**क्या करें:** यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलिना की पॉजिटिव इमोशंस एंड साइको-फिजियोलॉजिकल लैब में डायरेक्टर बारबरा फ्रेड्रिक्शन कहती हैं, 'हमारी ज्यादातर नेगेटिविटी मेंटल टाइम ट्रैवल से आती है। नेगेटिविटी से उबरने के लिए आप धीरे-धीरे अपनी पॉजिटिव बातों पर फोकस करिए। एक-एक कर आपको अपनी क्षमताओं का अनुभव होने लगेगा, उसी वक्त संकल्प लें कि आपको पूरी ऊर्जा के साथ यह काम करना है। हर शाम दिनभर की अच्छी बातें, घटनाएं और उपलब्धियां लिखें और इसके लिए ऊपर वाले का शुक्रिया अदा करें। मेडिटेशन करें। आपको निराशा से उबरने में मदद मिलेगी।'

**हर बुरी बात के लिए खुद को जिम्मेदार मानना:** कई बार आप अपने आस-पास होने वाली हर बुरी बात के लिए खुद को जिम्मेदार मानने लगती हैं। कोई किसी मीटिंग या किसी पार्टी में आपके जाते ही निकल जाता है तो आपको लगता है कि वह आपके व्यवहार से नाराज है।

**क्या करें:** सबसे पहले आपको इस बात पर विश्वास करना होगा कि दुनिया में या आपके इर्द-गिर्द हो रही हर बात के लिए आप जिम्मेदार नहीं हैं। मनोचिकित्सक और 'यू आर नॉट युअर ब्रेन' की लेखिका रेबेका ग्लेडिंग कहती हैं, 'आपको स्वीकार कर लेना चाहिए कि दूसरों के मूड पर आपका कोई नियंत्रण नहीं है। इससे उबरने में मदद मिलेगी।' ❁

फिटनेस

शिखर चंद जैन

# घरेलू कामों से भी होती है एक्सरसाइज

फिट रहने के लिए हमेशा जरूरी नहीं कि जिम में जाकर वर्कआउट ही करें। आप बहुत से घरेलू काम करते हुए भी एक्सरसाइज के फायदे उठा सकती हैं, अपनी फिटनेस मेंटेन कर सकती हैं। इस बारे में जानिए।

रवीना अपने बढ़ते वजन और कमर के बढ़ते घेरे से परेशान थी। मोटापे के कारण न सिर्फ उसका शरीर बेडौल होने लगा बल्कि उसे गैस और अपच जैसी समस्याएं भी सताने लगीं। फैमिली डॉक्टर उसे कई बार सुबह-शाम वर्कआउट करने के लिए या जिम ज्वाइन करने के लिए कह चुके थे। लेकिन रवीना को वक्त ही नहीं मिलता था। सुबह बेटे-बेटी को स्कूल भेजती, फिर पति के साथ ब्रेकफास्ट करती। ग्यारह बजे हाउसमेड आ जाती, उससे लंच बनवाने, कपड़े धुलवाने, बर्तन मंजवाने और पूरे घर की साफ-सफाई करवाने में एक बज जाता। उसके जाने पर वह खाना खाती, टीवी देखती और दो घंटे सो जाती। शाम को सोसायटी की कुछ महिलाएं आ जातीं, उनसे गप-शप करने में 6 बज जाते, फिर डिनर की तैयारी करती। इस तरह न तो उसे जिम जाने की फुर्सत मिलती और न वर्कआउट करने की। एक दिन उसने अपनी सहेली शैलजा से अपनी समस्या बताई और पूछा, 'तू भी तो जिम नहीं जाती फिर कैसे फिट दिखती है?' इस पर शैलजा बोली, 'घर की साफ-सफाई से लेकर बर्तन, कपड़े धोने, गार्डनिंग और खाना बनाने तक का काम मैं ही करती हूं। यही तो है मेरी फिटनेस और हेल्दी रहने का राज। तुझे पता है, घर के काम-काज करने का फायदा भी जिम जाने जितना ही मिलता है।' शैलजा ने बिल्कुल ठीक कहा।



**क्या कहती हैं स्टडीज:** हाल ही में एक अध्ययन के नतीजे में कहा गया है कि घरेलू काम-काज का फायदा जिम जाने या रोजाना वर्कआउट जितना ही मिलता है। पोंछा लगाने, घर साफ करने, बागवानी करने और बाजार से साग-सब्जी या घरेलू सामान लाने से भी काफी कैलोरी बर्न होती है, क्योंकि इन कामों में फिजिकल मूवमेंट्स भी काफी होती हैं। आप वर्किंग वूमेन हों या होममेकर, अगर वर्कआउट के लिए समय नहीं निकाल पातीं, तो अपनी दिनचर्या में से वो पल या काम ढूंढ़ लें, जिससे आप फिजिकल मूवमेंट्स में इंवॉल्व रह सकती हैं। आपको किसी तरह की हेल्थ प्रॉब्लम है, तो डॉक्टर से कंसल्ट कर वर्कआउट कर सकती हैं।



**ये भी हैं तरीके:** एक्सरसाइज का टाइम नहीं मिलता तो फिजिकल एक्टिविटी के लिए घर से ऑफिस जाते समय बस से एक स्टॉपेज पहले उतर कर पैदल जा सकती हैं। इसी प्रकार आते समय भी घर से एक स्टॉपेज पहले उतर सकती हैं। चौथी मंजिल पर स्थित ऑफिस और तीसरी मंजिल पर मौजूद फ्लैट में जाने के लिए लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों को यूज कर सकती हैं। इसी प्रकार बागवानी करने से भी तन और मन दोनों फिट रहते हैं। बागवानी के लिए काफी चलना-फिरना पड़ता है, हाथों की मूवमेंट्स करनी पड़ती है। इससे भी एक्सरसाइज होती है।

**इस बात का रखें ध्यान:** अगर किसी को फ्रोजन शोल्डर या टेनिस एल्बो की परेशानी नहीं है, तो उसके लिए स्वीमिंग एक अच्छी एक्सरसाइज हो सकती है। इससे कंधों और भुजाओं की अच्छी एक्सरसाइज हो जाती है। साथ ही कोर मसल्स को मजबूती भी मिलती है। बैठकर पोंछा लगाना भी एक अच्छी एक्सरसाइज है, जिन्हें घुटनों में तकलीफ हो उन्हें खड़े-खड़े पोंछा लगाना चाहिए। ❁

**(फिटनेस ट्रेनर चिन्मय राय से बातचीत पर आधारित)**